भाद्रपद कृष्ण पक्ष-07, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07 , अंक - 83 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल
06 सितंबर 2023 बुधवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

**आज का मौसम**
32 अधिकतम
24 न्यूनतम


Page- 7

## छोटी खबरें

### जन्माष्टमी पर भी दुर्लभ संयोग



**नई दिल्ली , एजेंसी।**
इस वर्ष भी जन्माष्टमी का त्योहार दो दिन मनाया जा रहा है। हाल में राखी पर भी यही हुआ था। शास्त्रों के अनुसार भगवान कृष्ण का जन्म भाद्रपद अष्टमी तिथि और रोहिणी नक्षत्र में हुआ था। ऐसे में इस वर्ष अष्टमी तिथि 6 और 7 सितंबर दोनों ही दिन पड़ रही है। वैदिक पंचांग के अनुसार 6 सितंबर को अष्टमी तिथि दोपहर 3 बजकर 37 मिनट पर शुरू हो जाएगी और समापन 7 सितंबर को शाम 4 बजकर 14 मिनट पर होगा। उदया तिथि के अनुसार जन्माष्टमी 7 सितंबर को वहीं तिथि और नक्षत्रों के संयोग से जन्माष्टमी 6 सितंबर को मनाने की सलाह दी जा रही है।

### पीएम सुरक्षा देखने वाले एसपीजी के मुखिया सिन्हा का निधन

**नई दिल्ली , एजेंसी।**
प्रधानमंत्री की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप (एसपीजी) के निदेशक अरुण कुमार सिन्हा का आज सुबह निधन हो गया। बताया जा रहा है कि 61 वर्षीय सिन्हा को खराब तबीयत के चलते गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 1987 बैच के केरल कैडर के आईपीएस अफसर रहे सिन्हा को हाल ही में एसपीजी के निदेशक के तौर पर एक साल का एक्सटेंशन दिया गया था। सिन्हा मार्च 2016 से एसपीजी के प्रमुख के रूप में काम कर रहे थे। एसपीजी का जिम्मा प्रधानमंत्री और पूर्व पीएम की सुरक्षा का होता है। सिन्हा केरल में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विशेष सेवा और यातायात रह चुके हैं। इसके बाद ही उन्हें केंद्र में डेप्युटेशन पर बुलाया गया। वह सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में भी एक साल तक रहे। वे पुलिस बलों से चुने गए लगभग 3000 क्रैक कमांडो की टीम का नेतृत्व भी कर चुके हैं।



### सबसे लंबा मुकदमा 50 साल बाद मिला इंसाफ

**न्यूयार्क , एजेंसी।**
सच के बारे मे मान्यता है कि वह एक न एक दिन सामने आ जाता है। यह अमेरिका में भी सिद्ध हो गया। न्यूयॉर्क राज्य के ग्रीनबर्ग में करीब पांच दशक पहले लियोनार्ड मैक, जो अब 72 साल के हैं, वे दुष्कृत्य के मामले में फंसे हुए थे उन पर आरोप लगा था कि उन्होंने स्कूल जा रही एक किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। करीब 50 साल की लंबी लड़ाई के बाद दोषमुक्त होने पर मैक ने कहा कि आखिरकार मैं स्वतंत्र हूं। यानि इस व्यक्ति ने जो अपराध किया भी नहीं, उसके लिए उसे करीब साढ़े सात साल जेल की सजा काटनी पड़ी। इतना ही नहीं, शख्स को अपनी बेगुनाही साबित करने के लिए 47 साल लग गए। 1975 में न्यूयॉर्क के एक व्यक्ति को दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। अब उसे नए डीएनए जांच के आधार पर बरी कर दिया गया है।



### विधानसभा चुनाव की दोतरफा तैयारियों के बीच आया नया मोड़

# यात्रा पर पथराव से सियासी तनाव सरकार की रडार पर आई कांग्रेस






**भोपाल-रीवा, दोपहर मेट्रो/एजेंसी।**
भाजपा की जनआशीर्वाद यात्रा पर बीती देर रात नीमच के पास पथराव के बाद सियासी तनाव भी बढ गया है। गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा है कि नीमच में जन आशीर्वाद यात्रा पर हुए हमले के पीछे कांग्रेसी सोच के लोग जिम्मेदार हैं। वहीं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज कहा कि भाजपा की जनआशीर्वाद यात्रा को मिल रहे जनसमर्थन व आशीर्वाद से कांग्रेस बौखला गई है, हमने जाँच के निर्देश दिये है , दोषियों पर कार्यवाही करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को यह जान लेना चाहिये कि मध्यप्रदेश की राजनीति शालीन है , यहाँ पर इस तरह के हथकंडों के लिये कोई स्थान नहीं है। गृहमंत्री मिश्रा ने रीवा में कहा कि पुलिस ने वहां खेमा गुर्जर नामक व्यक्ति पर मामला दर्ज किया है जो कांग्रेस की विचारधारा से प्रेरित है । मिश्रा ने कहा कि घटना के समूचे कारण जानने के लिए विपक्षी नेताओं के पहले के बयान देखने होंगे तब सारी बातें समझ में आ जाएंगी। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ पहले ही कह चुके थे कि यहां मणिपुर जैसा पथराव हो सकता है इस तरह तो वे उकसाने का काम कर रहे थे। दिग्विजय सिंह हरियाणा के नूंह का उदाहरण दे चुके थे। मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस हताशा की ओर जा रही है, इसलिए वो ऐसे हथकंडों का सहारा लेगी। अब ये बात जनता को समझ जाना चाहिए।

इधर पुलिस के अनुसार रावली कुंडी क्षेत्र में कुछ ग्रामीणों ने हंगामा करते हुए जन आशीर्वाद यात्रा में शामिल वाहनों पर पथराव किया था। घटनास्थल पर मौजूद पुलिस अधिकारियों और जवानों ने तुरंत हालातों को संभालने का प्रयास किया और विशेष वाहन में सवार वरिष्ठ नेतांओं कैलाश विजयवर्गीय,जगदीश देवड़ा व मोहन यादव को सुरक्षित उतारकर सुरक्षा घेरे में ले लिया। हंगामा कर रहे लोगों को वहां से खदेड़ दिया गया। पथराव में कुछ वाहनों के कांच टूट गए हैं। पथराव के बाद हुए हंगामे के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं। बताया जाता है कि यहां के ग्रामीण काफी समय से इस क्षेत्र में चीता प्रोजेक्ट के लिये लंबी फेंसिंग दीवार बनाने का विरोध कुछ दिनों से कर रहे हैं क्योंकि इससे उनके पशु को आने जाने से रोक दिया गया है। पथराव की घटना को इसी मामले से जोड़कर देखा जा रहा है।

### खंडवा में गडकरी व शिवराज, रोड शो भी



*इंदौर संभाग की जन आशीर्वाद यात्रा आज खंडवा में दादाजी धूनी वाले आश्रम से शुरू हुई है। इस मौके पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह तथा केंद्रीय सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी यहां पहुंचे और हरी झंडी दिखाकर यात्रा रवाना की। इस मौके पर आमसभा और रोड शो भी होगा।*

### शिवराज को लगता है जनता फूल बरसाएगी



इस मामले में मप्र कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा है कि 'समाज के हर वर्ग का उत्पीड़न करने के बाद भी शिवराज सरकार को लगता है कि जनता उन पर पत्थर नहीं, फूल बरसाएगी।' नाथ ने कहा कि हाल में सबने देखा कि किस तरह शिवराज सरकार ने चयनित पटवारियों की बर्बरतापूर्वक पिटाई कराई। दलित, आदिवासी, ओबीसी, अल्पसंख्यक, महिला और सर्व समाज शिवराज सरकार के अत्याचार, घोटाले और कमीशन राज से त्रस्त है। इन्होंने 18 साल के शासन में जनता को जो दिया है, जनता उसी को मय ब्याज के लौटाने को तत्पर है। नाथ ने कहा कि मैं जनभावनाओं को भलीभांति समझता हूं लेकिन फिर भी मध्यप्रदेश की सम्मानित जनता से अनुरोध करता हूं कि विरोध को लोकतांत्रिक तरीके में रखें और अपराधियों को दंडित करने का काम न्यायालय को ही करने दें।

### उदयनिधि पर मप्र में एक्शन?

*गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा जन आशीर्वाद यात्राके सिलसिले में रीवा में हैं। उन्होंने सनातन धर्म विवाद पर कहा है कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के बेटे उदय निधि को अपना नाम बदलकर जनरल डायर निधि रख लेना चाहिए। मिश्रा ने कहा वह देर रात भोपाल पहुंचेंगे जिसके बाद वह अस मामले में विधिक सलाह लेंगे,फिर तय होगा कि उदय निधि के विरुद्ध क्या कार्रवाई की जा सकती है ।*



## राम जन्मभूमि के बाद अब बिहार में सीता जन्मस्थली को मिलेगा भव्य रूप

**पटना , एजेंसी।**
उत्र के अयोध्या में श्रीरामलला जन्मभूमि पर भव्य मंदिर का निर्माण पूर्णता की तरफ है। दूसरी ओर अब माता सीता की जन्मस्थली को भी भव्य बनाने की तैयारी बिहार में शुरू हो गई है। बिहार के सीतामढ़ी में जानकी देवी जन्मस्थली स्थित है, यहां पनौरा धाम जानकी देवी मंदिर पहले से ही है, लेकिन अब इसे डेवलेप करने के प्रोजेक्ट को मंजूरी दी गई है। जानकारी के मुताबिक बिहार सरकार ने पनौरा धाम जानकी देवी मंदिर को विकसित करने के लिए 72 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट को मंजूरी दी है। यह फैसला मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक में हुआ है। पर्यटन विभाग ने कैबिनेट के समक्ष इसका प्रस्ताव रखा था। अतिरिक्त मुख्य सचिव एस सिद्धार्थ ने कहा, कैबिनेट ने सीतामढ़ी जिले में पुनौरा धाम जानकी मंदिर के विकास के लिए 72.47 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है. यहां हर साल घरेलू और विदेशी तीर्थयात्री बड़ी संख्या में आते है।



### सीतामढ़ी में क्या-क्या

इस प्रोजेक्ट के तहत नीतीश सरकार सीतामढ़ी जिले में 'सीता-वाटिका', 'लव-कुश वाटिका' विकसित करेगी. इसके अलावा 'परिक्रमा' पथ का निर्माण करेगी. डिस्प्ले कियोस्क, कैफेटेरिया, बच्चों के खेलने का क्षेत्र तैयार किया जाएगा. कैबिनेट सचिव के मुताबिक, यहां आने वाली सभी संपर्क सड़कों को जोड़ा जाएगा और इस तीर्थ स्थल को भी जल्द से जल्द विकसित किया जाएगा।

## बाइडेन का मोदी से मुलाकात के पहले कोरोना टेस्ट

**नई दिल्ली , एजेंसी।**
जी-20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने भारत आ रहे अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने प्रोटोकॉल का पालन करते हुए अपना एक और कोरोना टेस्ट करवाया, जिसकी रिपोर्ट निगेटिव रही। दरअसल बाइडेन की पत्नी कोरोना पीड़ित मिली है। भारत में बाइडेन की मुलाकात आठ सितंबर को प्रधानमंत्री मोदी से दिल्ली में होगी। शीर्ष अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति शिखर सम्मेलन के लिए गुरुवार को भारत की यात्रा पर रवाना होंगे। ज्ञात हो कि जी-20 देशों का शिखर सम्मेलन 9 और 10 सितंबर को राजधानी दिल्ली में है।

इस बीच, केंद्र सरकार ने कहा है कि सम्मेलन के मद्देनजर कुछ सरकारी कार्यालयों को सुरक्षा जांच के लिए बंद किया जाएगा। कार्मिक मंत्रालय ने उन कार्यालयों की सूची साझा की जिन्हें बंद रखा जाएगा। इनमें दूरदर्शन टावर-1, दूरदर्शन टावर-2, भारत संचार भवन, चुनाव आयोग कार्यालय, विदेश मंत्रालय कार्यालय, केजी मार्ग, शिल्प संग्रहालय, राष्ट्रीय विज्ञान केंद्र, इंडिया गेट और पटियाला हाउस कोर्ट शामिल हैं। कहा गया है कि अचूक सुरक्षा के प्रयासों के तहत इन इमारतों को आठ सितंबर को सुबह नौ बजे खाली करना आवश्यक है, ताकि जांच पूरी की जा सके। राष्ट्रीय राजधानी में सभी केंद्रीय सरकारी कार्यालय आठ से 10 सितंबर तक बंद रहेंगे।



**मेट्रो एंकर**

### राष्ट्रपति की ओर से भेजे निमंत्रण पत्र के बाद भारत और इंडिया पर बहस हुई तीखी

# विपक्ष हमलावर, किसी ने कहा नामबंदी तो कोई बोला डर

**नई दिल्ली , एजेंसी।**
जी 20 सम्मेलन के मौके पर राष्ट्रपति की ओर से डिनर के लिए प्रेसिडेंट ऑफ भारत के नाम से निमंत्रण सामने आने के बाद जबर्दस्त सियासी बहस चल पड़ी है। विपक्ष के नेताओं ने इसे विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' का डर बताया है और इसे नामबंदी तक करार दिया है। नेताओं का कहना है कि खुद पीएम मोदी भी पहले मेक इन इंडिया नारा देते रहे हैं। हालांकि आधिकारिक तौर पर इंडिया की जगह भारत का प्रयोग होने पर बहस जारी है। जानकारों का कहना है कि इंडिया शब्द की जगह भारत का शब्द स्थापित करने के लिये सरकार को संविधान संशोधन करना होगा तथा देशभर के आधे राज्यों से सहमति भी लेनी होगी।

कानूनी और संवैधानिक विशेषज्ञों का कहना है कि ऑफिशियल कम्युनिकेशन में 'इंडिया' के स्थान पर 'भारत' के उपयोग में कोई गैरकानूनी जैसी बात नहीं है। क्योंकि यह संविधान का हिस्सा है जिसमें 'इंडिया, दैट इज भारत' लिखा है, जानकारों का कहना है कि 'इंडिया जो कि भारत' का मतलब साफ है कि दोनों शब्दों का इस्तेमाल सरकार जहां चाहे कर सकती है। सरकारी आदेश द्वारा 'भारत' से प्रतिस्थापित किया जा सकता है जिसके लिए संसद द्वारा अनुमोदन की आवश्यकता नहीं होगी। पूर्व कानून सचिव पीके मल्होत्रा का कहना है कि संविधान का अनुच्छेद 1, जो विशेष रूप से कहता है इंडिया जो कि भारत है, राज्यों का एक संघ होगा। व्यवहार में हम 'इंडिया' का उपयोग कर रहे हैं, लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं है जो हमें अपने देश का वर्णन करते समय 'भारत' का उपयोग करने से रोकता है। मल्होत्रा ने कहा कि 'भारत' के इस्तेमाल के लिए कुछ भी करने की जरूरत नहीं है।



**14 हजार करोड़ का खर्च :** एक अनुमान के मुताबिक अगर देश का नाम बदला जाता है तो उस पर करीब 14,000 करोड़ रुपये से अधिक खर्च आ सकता है। दरअसल अब तक कई देश अपना नाम बदल चुके है। हमारे पड़ोसी देश श्रीलंका ने 1972 में अपना नाम बदला था। पहले इसे सीलोन के नाम से जाना जाता था। 2018 में अफ्रीकी देश स्वाजीलैंड ने नाम बदलकर इस्वातिनी किया। तब दक्षिण अफ्रीका के एक वकील डैरन ओलिवियर ने देश का नाम बदलने की प्रक्रिया में आने वाले खर्च को निकालने के लिए एक फॉर्मूला निकाला था।

### 'इंडिया' के तेवर सख्त

*इधर 26 दलों के विपक्षी गठबंधन ने नये घटनाक्रम पर सख्त प्रतिक्रिया दी है। तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने कहा, फासीवादी बीजेपी शासन को उखाड़ फेंकने के लिए विपक्षी दलों ने एकजुट होकर गठबंधन को 'INDIA' नाम दिया. लेकिन अब बीजेपी 'इंडिया' को 'भारत' में बदलना चाहती है. बीजेपी ने भारत में बदलाव का वादा किया था. लेकिन 9 साल के बाद सिर्फ बदला नाम ही मिला है। कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने कहा, मुझे लगता है कि पीएम खुद INDIA नाम से डरते हैं. जिस दिन से इंडिया नाम का गठबंधन बना है, उसी दिन से पीएम मोदी की 'इंडिया' नाम के प्रति नफरत बढ़ गई है। सीपीआई लिबरेशन ने कहा, 'मोदी सरकार नोटबंदी के बाद नामबंदी करने जा रही है' वहीं आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा, 'अगर कुछ पार्टियों का गठबंधन INDIA बन जाता है तो क्या वे देश का नाम बदल देंगे? अगर इंडिया गठबंधन अपना नाम भारत रखता है तो क्या वे भारत का नाम बदलकर भाजपा करेंगे। वहीं तेजस्वी यादव ने कहा, 'पीएम मोदी पहले कहते थे वोट फॉर इंडिया, मेक इन इंडिया, स्टैंडअप इंडिया, शाइनिंग इंडिया, यहां तक कि आधार और पासपोर्ट पर INDIA का जिक्र है। यह दिखाता है कि पीएम मोदी 'INDIA' गठबंधन से डरे हुए हैं। हमारे गठबंधन की टैग लाइन भी 'जीतेगा इंडिया, जीतेगा भारत' है।*

### एडिटर्स गिल्ड पहुंची सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली , एजेंसी।**
मणिपुर सरकार द्वारा दो दिन पहले एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया के सदस्यों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के मामले में अब गिल्ड ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने अपने सदस्यों के खिलाफ दर्ज कराई गई एफआईआर रद्द कराने की मांग की है। वहीं, शीर्ष अदालत भी आज मामले की सुनवाई के लिए सहमत हो गई है। गौरतलब है, राज्य सरकार ने एडिटर्स गिल्ड के सदस्यों पर राज्य में हिंसा भड़काने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज की है। बीते दिनों एडिटर्स गिल्ड ने मणिपुर की सरकार पर पक्षपातपूर्ण कार्रवाई करने का आरोप लगाया था। तब मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने कहा था कि %मैंने एडिटर्स गिल्ड के सदस्यों को चेतावनी भी दी है कि अगर वह कुछ करना चाहते हैं तो पहले हिंसाग्रस्त जगहों का दौरा करें और जमीनी हकीकत देखें।

## 90 प्रतिशत आपत्तिकर्ताओं ने गिनाई कमियां, बदलाव के लिए सुझाव भी दिए

# किसानों ने जलाईं प्रतियां, विधायक ने अपनी ही सरकार द्वारा बनवाए प्लान पर उठाए सवाल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

शहर समेत आसपास गांवों के विकास के लिए बनाए गए मास्टर प्लान की किसानों ने प्रतियां जला दी तो विधायक रामेश्वर शर्मा ने अपनी ही सरकार द्वारा बनवाए प्लान पर कई सवाल उठाए। अंततः आपत्ति और सुझाव देने का दौर मंगलवार शाम को खत्म हो गया है। 90 प्रतिशत आपत्तिकर्ताओं ने प्लान में कोई न कोई कमी गिनाई। कुछ ऐसे भी थे जिन्होंने सुझाव दिए। अब देखना यह है कि सरकार और उसके अधिकारी प्लान को कितना जनता फ्रेंडली बना पाते हैं।

### यह भी हुआ

मास्टर प्लान में आसपास की 30 से अधिक पंचायतों को शामिल किया है। इन पंचायतों से पहले सहमति ली जानी थी। इसके लिए वहां ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाना था। उसमें इस प्रस्ताव को रखा जाना था लेकिन अधिकारियों ने अपनी मनमर्जी चलाई और इन पंचायतों की राय जाने बिना ही उन्हें मास्टर प्लान में शामिल कर लिया। यह आरोप मास्टर प्लान की आनलाइन सुनवाई में भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने लगाए थे।

### तीन हजार आपत्ति–सुझाव आए

मास्टर प्लान पर चली सुनवाई के दौरान कुल तीन हजार आपत्ति व दावे मिले हैं। आपत्ति दर्ज कराने वालों में जयवर्धन सिंह, अजय गोयनका, नरेश ज्ञानचंदानी और जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के प्रतिनिधि आम नागरिक शामिल है।



### मास्टर प्लान 2031 पर सुनवाई खत्म




### इनकी ये आपत्ति

**नितिन अग्रवाल, अध्यक्ष क्रेडाई:** भूमि विकास नियम 2012 में सड़क की चौड़ाई के हिसाब से एफएआर तय किया गया है। इसी आधार पर प्रदेश के अन्य शहरों को विकसित किया जा रहा है। लेकिन भोपाल में अधिकारियों ने इसे लागू नहीं करने दिया। एफएआर देने के लिए सड़क की चौड़ाई का ध्यान नहीं रखा गया। जो कि भूमि विकास नियम का उल्लंघन है।

**नरेश ज्ञानचंदानी, कांग्रेस नेता—** बैरागढ़ से सीहोर रोड तक की जमीनों का उपयोग कृषि से हटाकर कैचमेंट में प्रस्तावित करना अनुचित है। बैरागढ़ की आबादी के हिसाब से मास्टर प्लान में कोई योजना नहीं है।

### विधायक शर्मा की आपत्ति

– संविधान के 73-74 वें संशोधन में ग्राम पंचायत को अपनी विकास योजना बनाने का अधिकार है। ग्रामीण क्षेत्र को मास्टर प्लान में सम्मिलित करने से पहले अधिकारियों को बताना था कि गावं की जमीन को योजना में शामिल करने से क्या लाभ होगा और इसका किस प्रकार उपयोग किया जाएगा। ग्राम सभा में बहुमत के आधार पर अनुमति लेनी थी।

– शहर के विभिन्न क्षेत्रों में वर्तमान व भविष्य के हिसाब से एफएआर बढ़ाने की जरुरत है, लेकिन इसे कम किया गया है। एक तरफ शहर के चारों ओर रिंग रोड बनाई जा रही है, सिक्सलेन व फोरलेन सड़कें बन रही हैं। लेकिन इसके आसपास विकास को लेकर मास्टर प्लान में कोई प्रविधान नहीं है।

### किसानों ने इसलिए जलाई प्रतियां

किसान यूनियन के अध्यक्ष अनिल यादव का दावा है कि बड़े तालाब का कैचमेंट क्षेत्र 2800 हेक्टर है, जिसे बिना किसी मुआवजे एवं नोटिफिकेशन के 3872 हेक्टर कर दिया। जबकि बीते 60-70 वर्षों से ग्रामीण यहां कृषि कार्य करते आ रहे हैं। अब यदि इसे ग्रीन बेल्ट में शामिल करते हैं, तो किसानों को अपने पुरखों की जमीन छोड़नी होगी और मुआवजा भी नहीं मिलेगा। अधिकारियों ने बिना सोचे–समझे मास्टर प्लान में उक्त् बातें शामिल कर ली।

## डेढ़ लाख कर्मचारी काम बंद हड़ताल पर रहेंगे



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

कर्मचारी मंच के आवाहन पर प्रदेश के अनियमित संवर्ग के डेढ़ लाख कर्मचारी 9 सितंबर को काम बंद हड़ताल पर रहेंगे तथा प्रदेश के कोने-कोने से भोपाल पहुंचकर अंबेडकर जयंती मैदान तुलसी नगर में विशाल महा रैली निकालकर धरना एवं मुख्यमंत्री को 12 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपेंगे। मंच के प्रांत अध्यक्ष अशोक पांडे ने कहा कि सरकार अनियमित संवर्ग के स्थायी कर्मियों दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों अंशकालीन कर्मचारियों पीडीएस कर्मचारियों पंचायत चौकीदारों वन सुरक्षा श्रमिकों की न्याय उचित मांगों की लंबे समय से उपेक्षा कर रही है बार-बार गुहार लगाने के बाद भी राज्य सरकार मांगों को संज्ञान में नहीं ले रही है। कई बार मांग के बावजूद अनियमित कर्मचारियों की सरकार ने अभी तक महापंचायत तक नहीं बुलाई है सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बावजूद भी अनियमित संवर्ग के कर्मचारियों को नियमित कारण, सातवें वेतनमान का लाभ, अनुकंपा नियुक्ति के लिये भटकना पड़ रहा है।

## झूलेलाल मार्केट व्यापारी संघ गांधीनगर का गठन



**हिरदाराम नगर।** झूलेलाल मार्केट व्यापारी संघ की बैठक में नई कार्यकारिणी का चयन किया गया, जिसमें अध्यक्ष खूबचंद भागचंदानी द्वारा नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। सरक्षक विधायक रामेश्वर शर्मा, मुख्य सलाहकार रमेश हिंगोरानी, सलाहकार मंशाराम आसवानी, किशोर वरलानी तुलसीराम बड़गोतिया बनाए गए। अध्यक्ष खूबचंद भागचंदानी, उपाध्यक्ष गुड्डू कुशवाह, सुरेश रेलवानी, सुरेश गंगवानी महासचिव अशोक प्रेमानी, सचिव पंकज वाधवानी, सहसचिव गुड्डू मचंदानी, प्रचार सचिव सोनू वरलानी, कोषाध्यक्ष महेश सडाना और सह कोषाध्यक्ष कैलाश प्रतमानी चुने गए। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में बलराम वाधवानी, अशोक भागचंदानी, ईश्वर देवनानी, राजा संभवानी, राजेश आसवानी, राजकुमार भागचंदानी, भोजराज हेमनानी, घनश्याम सेवकानी, सुरेश वाधवानी, विजय लीलानी, रंजीत ठाकुर, योगेश हिंगोरानी को चुना गया।

## शिक्षक दिवस पर एक दिन के टीचर्स बने स्टूडेंट्स

### स्कूलों में हुए कार्यक्रम, शिक्षकों ने बच्चों को सफलता का आशीर्वाद

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

संत हिरदाराम नगर की शैक्षणिक संस्थाओं ने में शिक्षक दिवस मनाया गया। बच्चों ने गुरूवंदना कर शिक्षकजनों का आशीर्वाद लिया। जीवन में शिक्षक की भूमिका पर विचार भी रखे। बच्चों ने शिक्षकों के सम्मान में कक्षाओं को सजाया और कक्षाओं का संचालन किया। साधु वासवानी स्कूल में शिक्षक दिवस पर सभी शिक्षकों व विद्यार्थियों द्वारा डा. राधाकृष्णन व संतजी की मूर्ति पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन किया। शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने कहा किआज के दिन विद्यार्थियों को यह संकल्प करना चाहिए कि सदैव शिक्षकों का सम्मान करेंगे एवं उनके बताए हुए रास्ते पर चलकर उंचाईयों को छुएंगें। संस्कार स्कूल के सचिव बंसत चेलानी ने कहा कि विद्यार्थी आज के दिन यह संकल्प ले कि शिक्षक दिवस के दिन ही नहीं वरन् हर दिन शिक्षकों का सम्मान करेंगे। बोरवन क्लब के अध्यक्ष जगदीश आसवानी ने कहा कि शिक्षकों द्वारा बताये हुए मार्ग पर चलकर अपने जीवन को सफल बनाएंगे।



### परफेक्ट अटेंडस अवार्ड

शिक्षक दिवस पर मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों को 'परफेक्ट अटेंडस अवार्ड' से सम्मानित किया गया। सिद्धभाऊजी का संदेश बच्चों को सुनाया गया। भाऊजी ने कहा, शिक्षक वास्तव में दीप स्वरूप हैं, जो अपनी जीवनदायिनी तेजस्विता से छात्र, समाज और राष्ट्र को प्रकाशित कर देते हैं। इस अवसर पर प्रांजल जैन, कृश हरचंदानी, वैभव मेहरचंदानी, वैभव लखानी एवं तन्मय शर्मा व अन्य छात्रों ने शिक्षक दिवस पर अपने विचार रखे। प्रबंध समिति के सदस्यों ने अवार्ड दिए। कार्यक्रम में संस्था उपाध्यक्ष हीरो ज्ञानचंदानी, सचिव ए.सी. साधवानी, सह-सचिव के.एल. रामनानी, मैनेजमेंट ट्रस्टी घनश्याम बूलचंदानी, भगवानदास दामानी, अकादमिक डारेक्टर गोपाल गिरधानी शाला परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

**चालीसा पाठ के साथ शिक्षक दिवस:** दीपमाला पागारानी पब्लिक स्कूल में हनुमान चालीसा पाठ के साथ शिक्षक दिवस मनाया गया। चालीसा पाठ में संस्था के अध्यक्ष सुशील वासवानी, सचिव बसंत चेलानी, थोक वस्त्र व्यवसाय संघ के पूर्व अध्यक्ष वासदेव वाधवानी, सिंधी समाज सेवा ट्रस्ट के सचिव रामचन्द सभनानी ने हिस्सा लिया। प्रबंध समिति के पदाधिकारियों ने शिक्षक दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य आर. के. मिश्रा, उपप्राचार्या मीनल नरयानी, प्रधानाचार्चा मृदुला गौतम, समस्त शिक्षकगण एवं विद्यार्थिगण उपस्थित थे।



**शिक्षक सम्मानित:** लाइफ लाइन स्कूल में आज शिक्षक दिवस का आयोजन हुआ। विधार्थियों ने अपनी अपनी कक्षाओं को सजाया और टीचर्स का सम्मान किया। प्राचार्य किरण वाधवानी ने शिक्षक दिवस के महत्व बताया। टीचर्स को उपहार देकर सम्मानित किया गया।

**एनएसयूआई ने किया सम्मान:** एन.एस.यू.आई ने साधु वासवानी ऑटोनॉमस कॉलेज में शिक्षक दिवस मनाया। छात्र नेता सौरभ मेवाड़ा के नेतृत्व में कॉलेज कैंपस के सभी शिक्षकों का सम्मान कर आशीर्वाद लिया गया। इस अवसर पर एनएसयूआई से जुड़े छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## बारिश का सिलसिला जारी



*लंबे इंतजार के बाद बादल राजधानी पर मेहरबान हुए हैं। कल दोपहर से बारिश का सिलसिला रूक रुककर जारी है। आज सुबह से बादलों का आसमान पर डेरा है और कहीं कहीं हल्की बौछारें भी पड़ी। चित्र शिवाजी नगर चौराहे का।*

## मौजूदा एसटीपी–फाउंटेन है वे तो ठीक से ऑपरेट हो नहीं रहे, अब नए बनाने की तैयारी!

### एक एसटीपी कलियासोत में और तीन फाउंटेन बड़े तालाब के बैक वाटर में लगाए जाने के निर्देश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

निगम मौजूद सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट और पानी को शुद्ध करने के लिए लगे कई फाउंटेन को ठीक से ऑपरेट नहीं कर पा रहा है। इस बीच अब नए एसटीपी और फाउंटेन लगाए जाने की तैयारी है।

एक एसटीपी कलियासोत नदी में मिलने वाले सीवेज को ट्रीट और तीन फाउंटेन होटल ताज के सामने बड़े तालाब के बैक वाटर को शुद्ध करने के लिए लगाए जाने के फरमान जारी हुए हैं।

इसके पहले से निगम के पास केंद्र की योजना के तहत कई एसटीपी है, जो अभी तक आपरेशनल कंडीशन में नहीं आए हैं तो फाउंटेन भी आए दिन बंद हो जाते हैं। यहां तक कि इनके आसपास गंदगी का अंबार रहता है।

असल में नगर निगम आयुक्त फ्रैंक नोबल ए. सोमवार को केरवा और कलियासोत का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान कलियासोत में उन्हें सीवेज मिलता हुआ देखा था। जिसके बाद उन्होंने अधिकारियों से उक्त क्षेत्र में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण के लिए डीपीआर तैयार करने को कहा है। इसी निरीक्षण के दौरान बड़े तालाब के बैक वाटर को शुद्ध करने के लिए तीन फाउंटेन लगाने को कहा है।

**रहवासियों को समझाइश भी दी:** निगम आयुक्त नोबल ने राजीव नगर मल्टी के रहवासियों द्वारा फेंके जा रहे कचरे की सफाई कराने तथा रहवासियों को उक्त स्थल पर कचरा न फेकने की समझाइश दी। कोटरा सीवेज पम्प हाउस तथा भदभदा डैम के निकट स्थित कोटरा सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया और निगम अधिकारियों से विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। इधर कोटरा नाले का सर्वे कर दो दिवस में विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

**मेट्रो एंकर** | पूर्व विधायक डागा पहुंचे पूज्य सिंधी पंचायत कार्यालय

## टिकट मिले न मिले लेकिन हुजूर में बदलाव जरूरी

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

पूर्व विधायक व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जितेन्द्र डागा संस्था पूज्य सिंधी पंचायत के कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने पंचायत के पदाधिकारी के साथ शहर के विकास को लेकर चर्चा की। पंचायत पदाधिकारियों द्वारा डागा का शाल व फूल मालाओं से स्वागत किया।

इस अवसर पर पंचायत अध्यक्ष साबू रीझवानी ने कहा कि डागा सक्रिय व सरल स्वभाव के धनी है, जब वे विधायक थे तो पंचायत के हर कार्य में साथ रहते थे। पंचायत की शुभकामनाएं उनके साथ है। डागा ने कहा कि मैंने सिंधी समाज को अपना परिवार माना है। जब मैं विधायक था सिंधी समाज के हर समस्या को हल करने के लिए आगे रहता था ओर आगे हमेशा रहूंगा। इस समय परिवर्तन की आवश्यकता है। चाहे मुझे टिकट मिले या न मिले परंतु परिवर्तन आवश्यक है। आप सबसे निवेदन है कि इस बार परिवर्तन करे। इसमें डरने की आवश्यकता नहीं है। मैं आप सब के साथ हूं।

इस अवसर पर फैसला बोर्ड संयोजक राज मनवानी, प्रकाश आसूदानी, ब्लाक अध्यक्ष घनश्याम लालवानी ने भी स्वागत करते हुए डागा की बातों पर सहमति प्रकट की। सिख समाज के तेजा सिंह सोडी ने भी अपनी बात रखी।

इस अवसर पर पंचायत के महासचिव माधु चांदवानी, उपाध्यक्ष भरत आसवानी, नंद दादलानी, मुख्य सलाहाकार नरेश तोलानी, हरीश मेहरचंदानी, माधव पारदासानी, दयाल दोलतानी, अनिल टेकचंदानी, राजेश शर्मा, राम लेखवानी, नरेन्द्र केवलानी, व नागरिक उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन माधु चांदवानी ने किया आभार भरत आसवानी ने प्रकट किया।



**विश्वकर्मा समाज की दावेदारी:** विश्वकर्मा समाज ने हुजूर विधानसभा क्षेत्र से विष्णु विश्वकर्मा के लिए टिकट की मांग की है। प्रदेशाध्यक्ष विनोद विश्वकर्मा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में विश्वकर्मा समाज के लोगों ने पीसीसी में अपनी बात रखी।

## अभिमत

# विस्तार में भी असरदार

भारत जी-20 बैठक का मेजबान बन रहा है। यह वैश्विक बिरादरी में कई मायने में भारत के बढ़ते असर और हैसियत का भी प्रतीक है, लेकिन इसके पहले हमारी यात्रा काफी अहम है। मसलन कुछ दिन पहले ब्रिक्स देशों के शिखर सम्मेलन में आखिर विस्तार का फैसला हो ही गया। इस फैसले के मुताबिक पांच देशों- ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका- के इस संगठन में अगले साल 1 जनवरी को छह नए सदस्य- अर्जेंटीना, इजिप्ट, ईरान, इथियोपिया, सऊदी अरब और यूएई- जुड़ जाएंगे। वैसे ब्रिक्स के विस्तार पर चर्चा काफी पहले से होती रही है। अभी ताजा विस्तार में चीन को लेकर कुछ खास वजहों से सतर्कता भी जरूरी है। उल्लेखनीय है कि 09 में इस संगठन के अस्तित्व में आने के एक साल बाद यानी 2010 में ही इसमें साउथ अफ्रीका को जोड़ लिया गया था, उसके बाद से ही नए सदस्यों की एंट्री पर जब-तब चर्चा होती रही है। लेकिन पिछले कुछ समय से यह मुद्दा काफी जोर पकड़ चुका था, जिसके चलते हाल में साउथ अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में नये देशों को शामिल किया गया। वैसे इसकी दो बड़ी वजहें रहीं। एक तो यह कि ग्रुप से जुड़ने की चाहत रखने वाले देशों की संख्या बढ़ती चली गई। 22 देश इस मंच का हिस्सा बनने के लिए बाकायदा आवेदन कर चुके हैं। 40 से ज्यादा देश इसकी इच्छा जता चुके हैं। दूसरी वजह यह रही कि बदले वैश्विक हालात के मद्देनजर चीन इस पर बहुत जोर दे रहा था। इसे देखते हुए यह आशंका जताई जा रही थी कि शायद भारत इस मसले पर ज्यादा पॉजिटिव रुख न दिखाए। चीन के सरकार नियंत्रित मीडिया ने कुछ दिन पहले पश्चिमी देशों पर आरोप भी लगा दिया कि वे नहीं चाहते विस्तार के बाद ब्रिक्स एक मजबूत संगठन बनकर उभरे, इसलिए भारत और चीन में फूट डालने की कोशिश कर रहे हैं। बहरहाल, इन अटकलबाजियों से अलग भारत पहले ही साफ कर चुका था कि वह ब्रिक्स के विस्तार के खिलाफ नहीं है। अन्य मुद्दों की तरह इस मामले में भी उसका रुख किसी खास देश या लॉबी के आग्रह या शंका आशंका से नहीं बल्कि अपने राष्ट्रीय हितों से निर्देशित हो रहा था। ध्यान रहे, भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद समेत तमाम वैश्विक संगठनों और मंचों के विस्तार और उनमें समय के मुताबिक सुधार की वकालत करता रहा है। ब्रिक्स के विस्तार के ताजा फैसले से उस अजेंडे को आगे बढ़ाने में आसानी होगी। हालांकि इसके बावजूद इस फैसले में निहित चुनौतियों की अनदेखी नहीं की जा सकती। एक तरफ यह आशंका है कि इन नए सदस्यों में से कई देशों के साथ अपनी करीबी की बदौलत चीन इस मंच पर अपना दबदबा बढ़ाने का प्रयास कर सकता है तो दूसरी तरफ कुछ हलकों में यह संदेह भी है कि चीन, रूस और ईरान जैसे देशों के प्रभाव में इसे पश्चिमी देशों के खिलाफ एक मंच के रूप में इस्तेमाल न किया जाने लगे। इन आशंकाओं और संदेहों के बीच सभी देशों के हितों में सामंजस्य स्थापित करते हुए बेहतर विश्व सुनिश्चित करने की दिशा में आगे बढ़ने के लिए इस मंच को निश्चित रूप से ज्यादा परिपक्व और दूरदर्शितापूर्ण नजरिया अपनाना होगा। यह भी अब साफ है कि ऐसे मंचों पर भारत की मौजूदगी सशक्त और अपरिहार्य देश के रूप में दर्ज होती है। दुनिया का हर देश भारत का साथ व समर्थन किसी न किसी रूप में चाहता ही है, इसलिये भारत भी आने वाले कल की दुनिया का मुख्य शिल्पकार बनकर उभरा है।

## आज का कार्टून




साभार : बीबीसी हिंदी

## कविता

### चल रही बयार !



– कृष्णेन्द्र राय

इस नाम से बोलना ।
चल रही बयार ।।
अपनी-अपनी बातों पर ।
हैं सारे तैयार ।।
रोज रोज कुछ नया ।
जाता मुद्दा मिल ।।
है सबका अधिकार ।
किस पर किसका दिल ।।
है हट कर तरकीब ।
रहे वो ऐसा मान ।।
खोया जनाधार जो ।
है आना आसान ?
जूझ रहे हैं मिल कर ।
सफल हो जुगाड़ ।।
ले चुके हैं करवट ।
देंगे झंडे गाड़ ।।

## आज का इतिहास

- **समंदर** के रास्ते पृथ्वी का पूरा चक्कर लगाने वाला पहला जहाज विक्टोरिया 1522 में आज ही के दिन स्पेन लौटा था।
- **ग्वाडेलोप** द्वीप में 1776 को तूफान से हजारों से अधिक लोगों की मौत।
- **अमेरिकी** राज्य ओहियो के शहर क्लीवलैंड में 1848 को राष्ट्रीय अश्वेत सम्मेलन।
- **पेंसिल्वेनिया** के अवोंदेल में 1869 को एक खदान में आग लगने से 110 लोग मरे।
- **यूरोपीय** देश बुल्गारिया का एकीकरण 1885 में पूरा हुआ।
- **अटलांटा** जीवन बीमा कंपनी की शुरुआत 1905 में हुई।
- **फ्रांस** एवं जर्मनी के बीच मार्ने का युद्ध 1914 में प्रारम्भ हुआ।
- **एक** इतालवी अधिकारी की हत्या के बदले की कार्यबाई में इतालवी नौसेना ने 1923 को केर्किरा पर अधिकार कर लिया। राष्ट्रसंघ के विरोध करने पर वह 29 सितंबर को उससे अलग हो गया।
- **इटली** के तानाशाह बेनितो मुसोलिनी की हत्या का प्रयास 1924 में विफल।
- **इल** मजूको युद्ध के साथ स्पेन में 1937 को गृह युद्ध शुरू।
- **दक्षिण** अफ्रीका ने 1939 में नाजी जर्मनी पर युद्ध की घोषणा की।
- **जुलियाना** 1948 में नीदरलैंड की महारानी बनीं।
- **कनाडा** टी.वी. की मॉन्ट्रियल में 1952 को शुरुआत हुई।
- **अमेरिका** ने 1958 में अटलांटिक सागर में परमाणु परीक्षण किया।

# रैपिड एक्शन फोर्स और पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**



रैपिड एक्शन फोर्स एवम एसडीओपी और थाना प्रभारी की संयुक्त टीम ने शहर में फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च दंगा या दंगो जैसी परिस्थितियों से निपटने के लिए किया गया है, जो की कम से कम समय में दंगो वाली जगह पर पहुँच कर परिस्थितियों को देखते हुए उसके अनुरूप कार्य करके निपटा जा सके। इसलिए रैपिड एक्शन फोर्स की एक कंम्पनी को प्रत्येक दिन तीव्र प्रतिवाचन के लिए तैनात किया जाता है ताकि किसी भी जिले में किसी प्रकार की आकस्मिक घटना होने पर घटना वाले स्थान पर तुरन्त पहुँचा जा सके।आप को बतादे दे की रैपिड एक्सन फोर्स की 15 बटालियन भारत के विभिन्न प्रदेशों के अलग-अलग जिलों में तैनात है। वर्तमान में 107 बटालियन रैपिड एक्सन फोर्स को हिनोतिया, जिला रायसेन (म0प्र0) में कानून व्यवस्था के लिए तैनात किया गया है। रैपिड एक्सन फोर्स के इस परिचय अभ्यास के आयोजन की जानकारी देते हुये एस.क्यू अखतर जमाल, (उप कमाण्डेन्ट) ने बताया कि आज के परिचय अभ्यास के दौरान पुलिस थाना सिवनी मालवा जिला-नर्मदापुरम के अंतगत एसडीओपी आकांशा चतुर्वेदी , थाना प्रभारी उषा मरावी की उपस्थिति में सिवनी मालवा के मुख्य मार्गो से फ्लैगमार्च किया। वहां की भौगोलिक, सामाजिक, धार्मिक, राजनैतिक इत्यादि जानकारियां एकत्रित कर क्षेत्र की जनसंख्या, साक्षरता दर, असमाजिक तत्वों, सामुदायिक संवेदनशील/ अतिसंवेदनशील इलाकों तथा बलवाईयों / दंगाईयों की सूची तैयार की गई, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की कोई घटना या साम्प्रदायिक तनाव एवं दंगा की स्थिति निर्मित होने पर और किस प्रकार से उस पर नियंत्रण किया जाए। जिले के सिविल प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के साथ सामंजस्य बनाकर विपरीत परिस्थितियों में कार्य करना है। जिससे आम जनमानस में प्रशासन एवं पुलिस पर विश्वास बना रहे, जिसका नाम रैपिड एक्शन फोर्स के नाम से प्रसिद्ध है। ए/107 बटालियन के प्लाटून के सदस्यों द्वारा राजनैतिक संगठनों, समाजसेवी संगठनो व जीवन रक्षक संस्थानों की भी जानकारी प्राप्त की गई एवं सभी क्षेत्रों का मानचित्र भी बनाया जायेगा। जिसका उद्देश्य अप्रिय स्थित् होने पर नियंत्रण के लिए नियत स्थल पर तत्काल पहुँचने में सुविधा हो।

### शिक्षक दिवस पर नई दिल्ली के विज्ञान भवन में मिला पुरस्कार

# विज्ञान जागरूकता में पहचान पर राष्ट्रपति के हाथों मिला सम्मान

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

**शिक्षक दिवस पर जिले की विज्ञान शिक्षक सारिका घारू को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान प्रदान किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान एवं शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करते हुये छात्रों के जीवन को समृद्ध बनाने के लिये यह सम्मान प्रदान किया जाता है।**



इस अवसर पर सारिका ने कहा कि मुझे अत्यंत प्रसन्नता है कि उन महिला राष्ट्रपति के कर कमलों से मुझे यह सम्मान मिला है जो स्वयं ग्रामीण आदिवासी क्षेत्र में शिक्षक रह चुकी हैं.

बच्चों तथा आमलोगों को आसमान की सैर कराने का ऐसा जुनून की अवकाश के दिन भी आराम नहीं किया । ये सिलसिला विगत 10 सालों से चल रहा है । बच्चों को खगोल विज्ञान का ज्ञान देने अपने स्कूल तथा आसपास के 100 किमी परिधि के ग्रामों तक सफर कर अपने खर्च पर जागरूकता गतिविधियां करती हैं । वैज्ञानिक ज्ञान देना ही अपने जीवन का लक्ष?य बना लिया है ।

समाज में आज जिस तरह से अंधविश्वास फैला हुआ है, लोग बिना जाने समझे किसी भी चीज पर विश्वास कर बैठते हैं । कई बार उनका यह भरोसा दुख और परेशानी का सबब बन जाता है । ऐसे में लोग कैसे अंधविश?वास से मुक्त हों, उनके भीतर वैज्ञानिक दृष्टि कैसे विकसित हो, इस बात को ध्यान में रखते हुये इन अंधविश्वास को वैज्ञानिक ढंग से मिटाने में जुटी हुई हैं सारिका घारू । प्रदेश के जनजातीय क्षेत्र से लेकर राजधानी तक आमलोगों एवं बच्चों में वैज्ञानिक जागरूकता बढ़ाने के लिये विगत एक दशक से अभियान चलाये हुये है। वे प्रत्येक प्राकृतिक एवं खगोलीय घटनाओं के पीछे चले आ रहे मान्यताओं के पीछे छिपे वैज्ञानिक तथ्यों का स्पष्टीकरण करने का प्रयास करती आ रही हैं। सारिका आसपास के ग्रामों में जाकर टेलिस्कोप से आकाश दर्शन का कार्यक्रम करती हैं ।

# परिवार के सभी सदस्यों का नाम एक ही मतदान केंद्र पर हो : निर्वाचन आयोग

**सीहोर, दोपहर मेट्रो।**

प्रत्येक मतदान केंद्र के बूथ लेवल अधिकारी अपने-अपने मतदान केंद्र का सर्वे कर मतदाता सूची की शुद्धता का कार्य पूर्ण करें और इसका विशेष ध्यान रखा जाये कि एक परिवार के सभी सदस्यों का नाम एक ही मतदान केंद्र पर हो। दोहरी प्रवृष्टि वाले मतदाताओं की विशेष रूप से जाँच करें और मौके पर जाकर उनके आधार नंबर, समग्र आईडी, नंबर प्राप्त करें। साथ ही समान फोटो वाले मतदाताओं का सत्यापन कर आवश्यकतानुसार विलोपन और संशोधन की कार्रवाई करें। ऐसे मतदाता जिनकी फोटो स्पष्ट नहीं है उन मतदाताओं से संपर्क कर अपने मोबाइल से संशोधित फोटो अपलोड करें। यह बात मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कही। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सभी बीएलओ मतदान केंद्र पर उपस्थित होकर मतदान भवन की लेटेस्ट फोटो अपलोड कर मतदान केंद्र की सुविधाओं की जानकारी (अच्छा बुरा) बीएलओ एप से दर्ज की जाये। उन्होंने कहा कि एक अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं का नाम मतदाता सूची में अनिवार्य रूप से जोड़ा जाए। युवा जो 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई और 1 अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करेंगे, वे मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के पात्र हैं।



# सीआरपीएफ जवान का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

नम आँखों से राजकीय सम्मान के साथ सीआरपीएफ जवान हरी सिंह मीणा का अंतिम संस्कार गार्ड आफ ऑनर के साथ किया गया। हरिसिंह मीणा अवकाश पर अपने गृह ग्राम आंगराकला आए थे। गत रात्रि 4 सितम्बर को हृदयाघात होने के कारण उनकी मृत्यु हो गई थी। उनकी मृत्यु की सूचना मिलते ही उनके गृह ग्राम सहित प्रदेश में शोक की लहर फैल गई थी। स्वर्गीय श्री मीणा के पार्थिव शरीर को सम्मान देने के लिए भोपाल से अरूण कुमार पांडे के साथ शस्त्र बल की टुकड़ी आई और सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया।



# सिवनी मालवा में शिविर में 78 लोगों में मिला मोतियाबिंद

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**




सेवा सदन प्राथमिक आंख जांच केंद्र सिवनी मालवा में जिला दृष्टिहीनता नियंत्रण समिति, वेन गिविंग फाउंडेशन तथा मिशन फॉर विजन द्वारा निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ऑप्टोमेट्रिस्ट रज्जू सेन द्वारा 78 मरीजों की जांच की गई जिसमे 39 मोतियाबिंद के मरीजों को निशुल्क ऑपरेशन हेतु सेवा सदन आई हॉस्पिटल ट्रस्ट संत हिरदाराम नगर भोपाल भेजा गया। जिसमे पूर्व नेत्र परीक्षण अधिकारी गुप्ता जी, नगर के समाजसेवी शएल अनिल कलवानी,परियोजना समन्वयक, प्रिंस बेलवंशी, हेल्थ वर्कर दीपिका जनोरिया एवम डाटा एंट्री ऑपरेटर मोनिका बकोरिया उपस्थित रहे। परियोजना समन्वयक प्रिंस बेलवंशी ने बताया कि नर्मदापुरम से भी 16 निशुल्क मोतियाबिंद मरीजों को ऑपरेशन हेतु हॉस्पिटल भेजा गया है।

**मेट्रो एंकर** | जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

# जनसुनवाई में 89 आवेदनों पर हुई सुनवाई

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जिला पंचायत सीईओ एस एस रावत ने अधिकारियों के साथ जनसामान्य की समस्याओं पर गंभीरता से सुनवाई कर उनका निराकरण किया। जनसुनवाई में आए 89 आवेदनों पर सुनवाई की गई।

उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही पिछली जनसुनवाई में आए आवेदनों के निराकरण की स्थिति की जानकारी भी ली। जनसुनवाई में सिटी मजिस्ट्रेट संपदा सराफ, डिप्टी कलेक्टर प्रमोद गुर्जर, सीएमओ नवनीत पांडे सहित अन्य सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

जनसुनवाई में पिपरिया के ग्राम नयागांव निवासी संतोष तिवारी ने बताया कि उनकी बेटी गंभीर बीमारी से ग्रस्त है, जिसका इलाज निजी अस्पताल में किया जा रहा है। वे आर्थिक रूप से भी बहुत कमजोर है। जिस पर महिला को रेड क्रॉस मद से 5000 हजार रूपये की राशि स्वीकृत कर चेक भी दिया। माखन नगर निवासी लक्ष्मण लोबे ने बताया कि मकान में आग लग जाने के कारण हुई हानि का मुआवजा नहीं मिला है। जिस पर तहसीलदार ने बताया कि आवेदक को 10 हजार रूपये की आर्थिक सहायता आरबीसी 6 (4) के तहत स्वीकृत की गई है। आवंटन उपरांत तत्काल राशि अंतरित की जाएगी।



■ इम्पेक्ट फीचर

# प्रदेश सरकार के 20 वर्षों के भागीरथी प्रयासों से विकसित राज्य के रूप में उभरा मध्यप्रदेश

पिछले दो दशक में मध्यप्रदेश विकास प्रक्रिया में इंफ्रास्ट्रक्चर के महत्व के मद्देनजर मध्यप्रदेश में निरंतर अधोसंरचना विकास हो रहा है। अधोसंरचना बजट जो वर्ष 2002-03 में 3873 करोड़ रुपए था, वह वर्ष 2023-24 में बढ़कर 56 हजार 256 करोड़ रुपए हो गया है। औद्योगिक विकास दर 24 प्रतिशत है। सड़क, बिजली और पानी के मुद्दे पर परिणाम हम सबके सामने हैं। इस दौरान प्रदेश ने 23 प्रतिशत कृषि विकास दर अर्जित की और सात बार कृषि कर्मण पुरस्कार प्राप्त किया। आज विकास के सूचकांकों में प्रदेश की उपलब्धियां गौरव करने वाली हैं। राज्य की विकास दर 16 प्रतिशत से अधिक है।

मौजूदा सरकार के लगातार प्रयासों से प्रदेश में स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में भी बड़े बदलाव देखने को मिले हैं। मेडिकल कॉलेजों की सीटें बढ़ने के साथ ही हिंदी में पढ़ाई की सुविधा भी उपलब्ध कराने से सरकारी स्कूलों के छात्रों को भी मौका मिलना आसान हो गया है। वहीं अत्याधुनिक स्वास्थ्य प्रयासों से कोरोना जैसी महामारी से लड़ने में भी मध्यप्रदेश सफल रहा है। प्रदेश में नए एयरपोर्ट और वर्ल्ड क्लास रेलवे स्टेशनों के निर्माण से एक नई पहचान मिली है। भोपाल और इंदौर देश के ऐसे दो शहर हैं, जहां एक साथ मेट्रो का ट्रायल एक साथ किया जाने वाला है। मध्यप्रदेश की आर्थिक संपन्नता को बढ़ाने में मोदी सरकार का सहयोग भी उतना ही महत्वपूर्ण रहा। वर्ष 2014 से 2023 के दौरान मध्यप्रदेश के हिस्से में 8 लाख 31 हजार करोड़ रुपए आए।






## समृद्ध और गौरवशाली भारत बनाने में अहम भूमिका निभा रहा एमपी

एक दौर था जब मध्यप्रदेश बीमारू राज्य था, पानी, बिजली, सड़क, डकैतों का आतंक जैसी कई समस्याओं से ग्रस्त था। आज मध्यप्रदेश सरकार इस छवि को बदलने में सफल रही है। हम इस प्रगति को और भी बढ़ाना चाहते हैं। प्रधानमंत्री के अमृतकाल में वर्ष 2047 तक भारत को दुनिया का सबसे समृद्ध, वैभवशाली और गौरवशाली राष्ट्र बनाने के संकल्प में मध्यप्रदेश अपनी भूमिका का निर्वहन करेगा। राज्य सरकार अपने लगातार प्रयासों से मिलकर मध्यप्रदेश को देश का सबसे अग्रणी राज्य बनाएगी।

**- अमित शाह**, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री

## इंफ्रास्ट्रक्चर में हम सबसे आगे

### सड़कों के विकास के रथ को गांव-गांव तक पहुंचाने का किया जा है रहा काम

वर्ष 2023 : 5.10 लाख किमी सड़कें
वर्ष 2003 : 60 हजार किमी सड़कें



किसी भी प्रदेश के आधुनिक और विकसित होने की पहली झलक यहां की सड़कों के रूप में नजर आती है। मध्यप्रदेश में भी सड़कों के निर्माण, उनके सुदृढ़ीकरण पर राज्य सरकार ने विशेष ध्यान दिया है। सड़कें विकास की संवाहक है। सड़कों के अभाव में विकास बेमानी हो जाता है। पिछले 20 वर्षों से मध्यप्रदेश की सरकार द्वारा सड़कों के माध्यम से विकास के रथ को गांव-गांव तक पहुंचाने का काम व्यापक दूरदृष्टि के साथ लगातार किया जा रहा है। पहले जहां प्रदेश में 60 हजार किमी सड़कें निर्मित थीं, वहीं अब 5 लाख 10 हजार किमी निर्माण के साथ प्रदेश में सड़कों का जाल नजर आने लगा है। प्रदेश में 4 हजार किमी के नए नेशनल हाइवे बनाए गए हैं। 5400 अरब रुपए से बनने वाले दिल्ली-मुंबई कॉरिडोर में इंदौर को शामिल किया गया है। 31 हजार करोड़ की लागत से 906 किमी लंबा नर्मदा एक्सप्रेस वे बनाया जा रहा है। वहीं 5 वित्तीय वर्षों में 72 हजार किमी सड़कों को लंबाई को बढ़ाया है।

### मध्यप्रदेश में सड़कों पर विकास की रफ्तार

| | | |
|---|---|---|
| अटल प्रगति पथ | - | लंबाई-299 किलोमीटर |
| नर्मदा प्रगति पथ | - | लंबाई-867 किलोमीटर |
| विंध्य प्रगति पथ | - | 676 किलोमीटर |
| मालवा विकास पथ | - | 450 किलोमीटर |
| मध्य विकास पथ | - | 746 किलोमीटर |
| बुंदेलखंड विकास पथ | - | 330 किलोमीटर |

- जबलपुर, इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, सागर, रीवा, उज्जैन के साथ प्रदेश के अन्य 9 नगरों में रिंग रोड।
- जबलपुर, ग्वालियर, भोपाल, देवास, इंदौर एवं सतना में एलिवेटेड कॉरिडोर्स का निर्माण।
- भोपाल में लेक कॉरिडोर के निर्माण का प्रस्ताव।
- सभी नगरीय निकायों को 2 लेन मार्ग से जोड़ने की योजना।

## स्वास्थ्य सेवाओं में हुआ अभूतपूर्व विस्तार

### सरकारी अस्पतालों के कायाकल्प, अत्याधुनिक पैथॉलॉजी लैब, पर्याप्त बेड की उपलब्धता से प्रदेश बन रहा आत्म-निर्भर

वर्ष 2023 : 16,000 करोड़ रु. बजट | वर्ष 2003 : 580 रु. बजट

पिछले 20 वर्षों में नजर डालें तो प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं का अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। शासकीय चिकित्सालयों के कायाकल्प, पैथॉलॉजी जांचों की व्यवस्था, पर्याप्त बेड की उपलब्धता से प्रदेश स्वास्थ्य क्षेत्र में आत्म-निर्भर बना है। पहले जहां हेल्थ सेक्टर का बजट महज 580 करोड़ रुपए था, वहीं अब बढ़कर 16 हजार करोड़ रुपए तक पहुंच चुका है। खास बात ये है कि इस बजट में मोदी सरकार की आयुष्मान योजना सम्मिलित नहीं है। आयुष्मान भारत निरामयम योजना में मध्यप्रदेश वर्ष 2018 से देश में अग्रणी बना हुआ है। देश में सबसे अधिक 3.62 करोड़ से ज्यादा आयुष्मान भारत कार्ड मध्यप्रदेश में वितरित किए गए और 30 लाख निःशुल्क उपचार किए गए हैं। योजना से 999 निजी और शासकीय चिकित्सालय संबद्ध हैं। पिछले दो दशक में स्वास्थ्य संस्थाओं के सुदृढ़ीकरण और स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के चलते ही इस सदी की सर्वाधिक भीषण कोरोना महामारी की चुनौती का मुकाबला कर स्वास्थ्य विभाग सफल हुआ है। प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं में हुए सुधार और विस्तार के सकारात्मक परिणाम स्वास्थ्य से जुड़े मानकों में देखे जा सकते हैं। वर्ष 2003 में जहां मृत्यु दर 82 प्रति हजार से घट कर वर्तमान में 43 और मातृ मृत्यु दर 498 से घट कर 173 रह गई है।

- प्रदेश में वर्तमान में 12 हजार 386 स्वास्थ्य संस्थाएं हैं। इनमें 10 हजार 280 उप स्वास्थ्य केन्द्र, 1266 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, 356 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, 119 सिविल अस्पताल, 313 सिविल डिस्पेंसरी (शहरी) और 52 जिला अस्पताल हैं।
- इन स्वास्थ्य केन्द्रों में 42 हजार 911 सामान्य बिस्तर, 15 हजार 80 आइसोलेशन बेड, 2673 आईसीयू बेड और 6630 एचडीयू बेड्स हैं। यह इसलिए उल्लेखनीय है कि वर्ष 2003 में स्वास्थ्य संस्थाओं में कुल 21 हजार 234 बिस्तर उपलब्ध थे और आइसोलेशन, आईसीयू और एचडीयू बेड्स तो उपलब्ध ही नहीं थे।
- वर्तमान में 5256 चिकित्सक, 1116 विशेषज्ञ चिकित्सक, 103 दंत चिकित्सक और 11 हजार 405 नर्सिंग स्टॉफ है।
- नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिये 33 हजार 84 एनएचएम की नियुक्ति की गई है।
- प्रदेश के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में वर्ष 2003 में उपलब्ध 214 प्रकार की ईडीएल औषधियां बढ़कर 530 प्रकार की हो गई है।
- स्वास्थ्य संस्थाओं में ऑक्सीजन सिलेंडर के माध्यम से सीमित ऑक्सीजन प्रदाय की सुविधा की तुलना में प्रदेश में 204 पीएसए प्लांट्स के माध्यम से स्वास्थ्य संस्थाओं में ऑक्सीजन की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।
- विभिन्न प्रकार की जांचों की सुविधा भी बढ़ाई गई है। वर्ष 2003 में 45 प्रकार की जांचें होती थी। वर्तमान में 132 प्रकार की जांच की जा रही है। हब एण्ड स्पोक मॉडल पैथालॉजी में 324 हब और 1610 स्पोक्स से प्रत्येक उप स्वास्थ्य केन्द्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तक 45 प्रकार की पैथालॉजी जांच की सुविधा उपलब्ध है।
- पीपीपी मोड पर 49 जिला चिकित्सालयों में सीटी स्केन की भी सुविधा उपलब्ध है। प्रदेश में 58 एसएनसीयू, 165 एनवीएसयू 59 पीआईसीयू और 315 एनआरसी की स्थापना भी की गई है। वर्तमान में 59 संस्थाओं में डायलिसिस की सेवाए दी जा रही हैं।
- मरीजों को अस्पताल लाने-ले जाने के लिए वर्ष 2003 में केवल 256 एम्बुलेंस थी, जिसमें लगभग 8 गुनी वृद्धि करते हुए वर्तमान में 2052 एम्बुलेंस उपलब्ध है।

## बिजली के क्षेत्र में बने आत्म-निर्भर

### एमपी बिजली के क्षेत्र में बना सरप्लस स्टेट नवकरणीय ऊर्जा क्षमता 5500 मेगावॉट हुई

वर्ष 2023 : 28,000 मेगावॉट उत्पादन
वर्ष 2003 : 5173 मेगावॉट उत्दान

प्रदेश में सुचारू बिजली प्रदाय के लिए मध्यप्रदेश सरकार का संकल्प स्पष्ट नजर आने लगा है। पिछले वर्षों में बिजली उपलब्धता में वृद्धि के लिये किए गए प्रयासों से प्रदेश बिजली के क्षेत्र में सरप्लस स्टेट बन गया है। एक समय था जब बिजली आती कम थी और जाती ज्यादा थी। आज प्रदेश बिजली क्षेत्र में आत्म-निर्भर है। और 24 घंटे बिजली की उपलब्धता है। वर्ष 2003 में ऊर्जा क्षमता 5173 मेगावाट थी, जो बढ़ कर 28 हजार मेगावाट हो गई है। घरेलू और औद्योगिक उपभोक्ताओं को 24 घंटे और कृषि उपभोक्ताओं को 10 घंटे नियमित बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। इसके साथ ही घरेलू एवं कृषि उपभोक्ताओं को लगभग 24 हजार करोड़ रुपए की सब्सिडी भी उपलब्ध है। घरेलू उपभोक्ताओं को 100 यूनिट की खपत पर 643 रुपए के स्थान पर केवल 100 रुपए का बिल प्राप्त हो रहा है। 84 फीसदी सब्सिडी के साथ प्रदेश में लगभग 88 लाख उपभोक्ता हर माह लाभान्वित हो रहे हैं।



- ST/SC के 1 हेक्टेयर तक भूमि वाले 5 हार्स पावर भार के लगभग 9 लाख 60 हजार से अधिक किसानों को प्रतिवर्ष 4800 करोड़ रुपये से अधिक की बिजली सब्सिडी।
- सौभाग्य योजना अंतर्गत 9.84 लाख कनेक्शन प्रदाय दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति में किए 2886 करोड़ रुपये के कार्य। इसमें फीडर विभक्तिकरण शामिल।
- प्रदेश की नवकरणीय ऊर्जा क्षमता लगभग 5 हजार 500 मेगावॉट हुई। पिछले 11 वर्षों में सोलर ऊर्जा में 54फीसदी और पवन ऊर्जा में 23फीसदी की वृद्धि हुई। इससे 1 करोड़ टन कार्बन उत्सर्जन में कमी आई है, जो 18 करोड़ पेड़ लगाने के बराबर है।
- रीवा में 750 मेगावॉट का एशिया का सबसे बड़ा सोलर पार्क प्रारंभ किया गया है, वहीं 2 हजार 350 मेगावाट की सौर पवन हाइब्रिड परियोजनाओं पर कार्य शुरु कर देश में अनूठी और प्रथम पहल की गई है।
- रिवेम्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (ऋडस्र) के अंतर्गत 24 हजार करोड़ रुपए से अधिक के कार्य किए जाने के प्रयास भी शुरू कर दिए गए हैं, इसमें स्मार्ट मीटरिंग सिस्टम और अन्य सुदृढ़ीकरण के कार्य शामिल हैं।
- ओंकारेश्वर में लगभग 3 हजार 500 करोड़ के निवेश से 600 मेगावॉट का फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट स्थापित किया जा रहा है, जिसके प्रथम चरण में 278 मेगावॉट के प्लांट हेतु कार्य प्रारम्भ हो चुका है।
- खेतों में 50 हजार सोलर पंपों की स्थापना एवं सांची को मध्यप्रदेश की पहली सोलर सिटी बनाए जाने के भी प्रयास तेज कर दिए गए हैं।

## आवागमन परिवहन सुविधाएं हुई आसान

मध्यप्रदेश में रेल और हवाई इंफ्रास्ट्रक्चर पर शिवराज सरकार की ओर से ऐतिहासिक कार्य किए गए हैं। न सिर्फ रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है, बल्कि सेमी हाईस्पीड ट्रेनें भी चलाई जा रही हैं। रेलवे में 12 हजार करोड़ से लागत से 11 कॉरिडोर और 35 से ज्यादा रेलवे स्टेशन के विकास किया जा रहा है। प्रदेश में 3 नए एयरपोर्ट बनाए जा रहे हैं।

## मेट्रो रेल परियोजना निर्माणाधीन

भोपाल और इंदौर में कुल 62.41 किमी रूट पर 14 हजार करोड़ रुपए की लागत से मेट्रो रेल परियोजना निर्माणाधीन है। इसी साल सितंबर महीने में दोनों शहरों में मेट्रो ट्रेन का ट्रायल रन प्रायोरटी बेस पर शुरू कर दिया जाएगा। मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (एमपीएमआरसी) ने दोनों शहरों में ट्रायल का टारगेट तय कर दिया है। मेट्रो के एलीवेटेड रूट पर पटरियां बिछाने का काम तेजी से जारी है। स्टेशनों के मुख्य स्ट्रक्चर लगभग तैयार हैं। भोपाल स्थित 6.225 किमी ऐलिवेटिड पुल (वायडक्ट) के डिजाइन तथा निर्माण का लगभग 93त्र सिविल कार्य पूरा किया जा चुका है। वहीं इंदौर स्थित ऐलिवेटिड पुल (वायडक्ट) के डिजाइन तथा निर्माण जिसकी लम्बाई 17.2 किमी है, के 6.3 किमी के प्राइऑरटी कोरिडोर का अब तक लगभग 73त्र सिविल कार्य पूर्ण हो चुका है। पहले चरण के तहत भोपाल में लगभग 30.95 किमी (ऑरेंज लाइन तथा ब्लू लाइन) एवं इंदौर मे लगभग 31.5 किमी (यलो लाइन) पर निर्माण कार्य तेजी से जारी है।

## भोपाल में वर्ल्ड क्लास रेलवे स्टेशन

देश में पहला निजी रेलवे स्टेशन भी भोपाल शहर में बनाया गया है। इस हाई टेक स्टेशन पर वर्ल्ड क्लास सुविधाएं मौजूद हैं, जो कि देखने में किसी फाइव स्टार होटल से कम नहीं है। इस स्टेशन पर कई प्रकार की सुविधाएं, जैसे शॉपिंग स्टोर, रेस्तरां, केटरिंग शॉप और पार्किंग आदि भी शामिल हैं।

## नई पीढ़ी का शैक्षणिक विकास

### मातृभाषा के साथ तकनीक पर भरोसा छात्रों को दिया टेक्नोलॉजी का उपहार

वर्ष 2023 : 38 हजार करोड़ रुपए बजट
वर्ष 2003 : 2 हजार 456 करोड़ रुपय बजट

मध्यप्रदेश सरकार ने पिछले 20 वर्षों में नई पीढ़ी के शैक्षणिक विकास के लिए कोई प्रयास अधूरा नहीं रहने दिया। छात्रों के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओं को संचालित किया जा रहा है। एक ओर जहां छात्रों को टेक्नोलॉजी का उपहार दिया जा रहा है, वहीं इंजीनियरिंग और मेडिकल जैसी पढ़ाई के लिए हिंदी पर भरोसा जताया जा रहा है।

- मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बेटियों को शिक्षित कर समाज की नींव मजबूत करने के संकल्प पर अमल करते हुए बेटियों की शिक्षा की मजबूत व्यवस्थाएं की हैं। अब बेटियों की शिक्षा की जिम्मेदारी सरकार ने उठा ली है। मध्यप्रदेश सरकार के श्रंखलाबद्ध प्रयासों से आज प्राथमिक और माध्यमिक स्तर की शालाओं में बेटियों की उपस्थिति बढ़ी है। प्राथमिक शाला में ड्राप आउट दर में कमी आई है। पहले ड्रॉप आउट दर 18.26 प्रतिशत होती थी आज 6.63फीसदी पर आ गई है। उ छात्र-छात्राएं आधुनिक समाज के साथ कदम से कदम मिलाकर चल सकें, इसके लिए लैपटॉप,
- ई-स्कूटी और साइकिल वितरण किया जा रहा है। प्रदेश में 24 तरह की स्कॉलशिप छात्रों को प्रदान की जा रही है। बेटियों की उच्च शिक्षा की पूरी जिम्मेदारी सरकार ने उठा रखी है।
- रानी लक्ष्मी बाई आत्म रक्षा प्रशिक्षण योजना में 2,000 विद्यालयों में बालिकाओं को निःशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इससे प्रतिवर्ष लगभग 15,000 बालिकाएं लाभान्वित हो रही हैं।
- सेनिटेशन एवं हाईजीन कार्यक्रम में शासकीय हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों में पढ़ने वाली कुल 13,76,367 बालिकाओं के लिए सैनिटरी पेड खरीदने के लिए राशि का प्रावधान किया गया है।

### कृषि के क्षेत्र में उठाए कदमों से आत्मनिर्भर बन रहे किसान, 7 बार कृषि कर्मण अवार्ड से बढ़ा एमपी का मान

# फसल बीमा से 27 हजार करोड़ का लाभ, सिंचाई क्षमता 47 लाख हेक्टेयर

अधोसंरचना विकास और बेहतर वित्त प्रबंधन के साथ कृषि प्रधान होने की वजह से प्रदेश में तेज गति से कृषि विकास और किसान कल्याण के कार्य भी किए जा रहे हैं। लगातार 7 बार प्रतिष्ठित कृषि कर्मण अवार्ड प्राप्त करने वाले मध्यप्रदेश ने गेहूं उपार्जन में पंजाब और हरियाणा को पीछे छोड़ दिया है। प्रदेश का सोने जैसे दानों वाला गेहूं अमेरिका सहित अनेक देशों में निर्यात होता है। अब इसके निर्यात के लिए प्रयास बढ़ाए जा रहे हैं। प्रदेश में एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल भी बनाई गई है। कृषि विकास दर जो वर्ष 2002-03 में 03 प्रतिशत थी, वह वर्ष 2020-21 में बढ़ कर 18.89 प्रतिशत हो गई है। खेती और एलाइड सेक्टर का बजट भी 600 करोड़ से बढ़कर 53 हजार 964 करोड़ हो गया। खाद्य उत्पादन भी इस अवधि में 159 लाख मीट्रिक टन से बढ़ कर 619 लाख मीट्रिक टन हो गया है।

### 5936 से अधिक अमृत सरोवर का निर्माण

प्रदेश में कृषि को लाभ का धंधा बनाना के लिए सिंचाई क्षमताओं का निरंतर विकास किया जा रहा है। वर्ष 2003 में सिंचाई क्षमता केवल 7 लाख 68 हजार हेक्टेयर थी, जो वर्ष 2022 में बढ़ कर 47 लाख हेक्टेयर से अधिक हो गई है। वर्ष 2025 तक सिंचाई क्षमता को बढ़ा कर 65 लाख हेक्टेयर किये जाने पर भी तेजी से काम किया जा रहा है। हर घर जल से नल योजना पर तेज गति से कार्य हो रहा है, अभी तक लगभग 50 फीसदी घरों तक नल से जल पहुँच चुका है। आजादी के अमृत काल में प्रदेश में अब तक 5936 से अधिक अमृत सरोवर का निर्माण किया जा चुका है। केन-बेतवा लिंक परियोजना के प्रथम चरण में बांध, लिंक नहर तथा पॉवर हाउस का निर्माण कार्य इस वर्ष प्रारंभ होगा। अटल भू-जल योजना में भी लगभग 700 ग्राम पंचायतों में वॉटर सिक्युरिटी प्लान बनाए गए हैं।

### 91 लाख किसानों के खाते में पहुंची किसान सम्मान निधि

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना और मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना में 70.61 लाख किसानों के खाते में 26 हजार 94 करोड़ 2 लाख रुपए की राशि अंतरित की गई है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना वर्ष 2018 में देश में लागू हुई। इसमें अब तक मध्यप्रदेश के कुल 91 लाख किसानों के खाते में 19 हजार करोड़ रुपए की राशि अंतरित की गई है। प्रदेश में योजना की 13वीं किस्त से 70.61 लाख किसान लाभान्वित हुए हैं। मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना प्रदेश में 26 सितम्बर 2020 को लागू की गई।

प्रत्येक किसान को प्रतिवर्ष 2 किस्तों में 2-2 हजार रुपए कुल 4 हजार रुपए खाते में भेजे जाते हैं। अब तक कुल 88 लाख 14 हजार किसानों के खाते में 7 हजार 699 करोड़ 40 लाख रुपए की राशि अंतरित की जा चुकी है। योजना में वर्ष 2022-23 में 70.61 लाख किसानों के लिए 3200 करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान किया गया है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना और मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना में किसानों को कृषि कार्य में आर्थिक मदद देने के उद्देश्य से केन्द्र एवं राज्य सरकार की ओर से सालाना 12 हजार की सहायता प्राप्त होगी।

## फसल क्षति होने पर किसानों को मिल रही है राहत राशि



- फसलों की क्षति पर राहत बांटने में अग्रणी राज्य है। मध्य प्रदेश ।
- प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में अब तक 27 हजार 626 करोड़ 66 लाख रुपए दावा राशि का भुगतान किया गया है।
- फसलों को 50 प्रतिशत से अधिक नुकसान पर क्षति शत-प्रतिशत मानकर 32 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर राहत राशि प्रदान की जाती है।
- अति वृष्टि, ओला वृष्टि के कारण फसलों को हुई क्षति प्रभावित कृषकों की कर्ज वसूली स्थगित की गई। प्रभावित किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर बैंक ऋण।
- लोन डिफॉल्टर किसानों का ब्याज भरने के लिए बजट में 2500 करोड़ का प्रावधान।


D16227/23

■ इम्पैक्ट फीचर

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मध्यप्रदेश सरकार की उपलब्धियों का लेखा-जोखा जनता के सामने रखा

# देश-विदेश तक पहुंच रहा प्रदेश का गेहूं निर्यात को बढ़ावा देने से किसानों को लाभ

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने निर्यात को प्रोत्साहन देने की जो नीति अपनाई थी, उसके परिणाम अब सामने आए



•0/ · ,0E0 गृह मंत्री अमित शाह ने मध्य प्रदेश में अपने प्रवास के दौरान राज्य सरकार की बीस साल की उपलब्धियों का लेखा-जोखा जारी किया। इस अवसर पर उन क्षेत्रों को भी समाहित किया जिनमें राज्य शीर्ष पर है। इसमें कृषि से लेकर सड़कों का निर्माण और टाइगर स्टेट समेत सभी बिंदुओं को समाहित किया है। इसी क्रम में हम पाते हैं कि गेहूं निर्यात में 45फीसदी की भागीदारी के साथ मध्यप्रदेश देश में पहले स्थान पर है। कभी पंजाब का नाम गेहूं की खेती और निर्यात में चला करता था। उसके बाद राजस्थान ने भी मुकाम बनाया लेकिन अब मध्य प्रदेश सिरमौर है। प्रदेश का गुणवत्तापूर्ण और पौष्टिक गेहूं विदेशों तक प्रसिद्ध है। निर्यात को बढ़ावा देने से किसानों को फायदा हुआ और उन्हें उपज की अधिक कीमत मिली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश से निर्यात को बढ़ावा देने के लिए राज्यों को प्रोत्साहित किया। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान निर्यात को प्रोत्साहन देने की जो नीति अपनाई थी, उसके परिणाम अब सामने आए हैं। देश से कुल 14 लाख 72 हजार 423 टन गेहूं का निर्यात हुआ। इसमें मध्य प्रदेश ने सर्वाधिक पांच लाख 86 हजार 423 टन गेहूं निर्यात करके रेकॉर्ड बनाया गेहूं के कुल निर्यात में एमपी की 45 फीसदी भागीदारी रही। गेहूं के निर्यात में दूसरे स्थान पर चार लाख सात हजार 612 टन के साथ गुजरात रहा है। बता दें कि पिछले साल मध्यप्रदेश से कुल निर्यात दो लाख आठ हजार टन हुआ था।



शरबती सीहोर, विदिशा, नर्मदापुरम, नरसिंहपुर, हरदा, भोपाल और मालवा से लगे अशोकनगर जिलों में उगाई जाने वाली गेहूं की एक क्षेत्रीय किस्म है, जिसके दानों में सुनहरी चमक और स्वाद लाजवाब है। इस गेहूं की चपाती में फाइबर, प्रोटीन, विटामिन और ई प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। यह किसानों के लिए स्वर्णजड़ित उपलब्धि से कम नहीं है। अब शरबती गेहूं भारत के कोने-कोने में पहुंच रहा है। सीहोर जिले का करीब 40,390 हेक्टेयर रकबा अकेले शरबती गेहूं की पैदावार ले रहा है। यहां से सालाना 1,09,053 मिलियन टन प्रोडक्शन मिल रहा है।



## निर्यात के लिए व्यापारियों ने 23.80 लाख टन गेहूं किसानों से खरीदा

विदेशों में प्रदेश का गेहूं निर्यात करने के लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के साथ निर्यातकों के साथ बैठक की और उनकी जरूरतों को समझा। साथ ही बड़ा कदम उठाते हुए मध्य प्रदेश के किसानों से गेहूं खरीदकर निर्यात करने पर प्रति 100 रुपए लगने वाले डेढ़ रुपए के मंडी शुल्क की प्रतिपूर्ति करने का निर्णय लिया। निर्यातकों को उपज के परिवहन के लिए रेलवे का रैक दिलाने और बंदरगाह पर भंडारण के लिए जगह उपलब्ध कराने की व्यवस्था बनाई। इसमें केंद्र सरकार ने भरपूर सहयोग किया। कृषि विभाग और मंडी बोर्ड के अधिकारियों ने निर्यातकों से लगातार संवाद करके उनके हर छोटी-बड़ी जरूरत को पूरा किया। पंजीयन के लिए पोर्टल बनाया और फीस को भी घटाकर नाममात्र कर दिया। इसका फायदा यह हुआ कि निर्यात के लिए व्यापारियों ने 23 लाख 79 हजार 823 टन गेहूं किसानों से खरीदा।

## मालवा का गेहूं भी देश-विदेश में प्रसिद्ध

प्रदेश के गेहूं का बड़ा हिस्सा मिस्र, बांग्लादेश, श्रीलंका, इंडोनेशिया, मोजांबिक भेजा गया है। मालवा का गेहूं देश विदेश में प्रसिद्ध है। सभी जगह इसकी डिमांड में अच्छी रहती है क्योंकि यहां का गेहूं खास चमक लिए होता है। जानकारों के अनुसार मालवा के गेहूं में मिठास के साथ प्रोटीन व ग्लूटोन की मात्रा अधिक होने के कारण श्रीलंका, दुबई, अरब देशों से लेकर अमेरिका, रूस तक मे पसंद किया जाता है। कांडला पोर्ट से करोड़ों रुपए का गेहूं विदेशों के लिए जहाज में लदान होता है।

# एग्रीकल्चर इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड योजना

## 44 लाख हितग्राहियों को लाभ दिलाया



- एग्रीकल्चर इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड योजना के अंतर्गत 4300 करोड़ रुपए से अधिक के प्रकरण स्वीकृत कर मध्यप्रदेश ने पहला स्थान हासिल किया है।
- प्रधानंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत लगभग 44 लाख हितग्राहियों को लगभग 1,600 करोड़ रुपए भुगतान के साथ मध्य प्रदेश, योजना के प्रारंभ से ही राष्टीय स्तर पर प्रथम स्थान पर है।
- 80 हजार से अधिक मछुआ क्रेडिट कार्ड जारी कर मध्य प्रदेश, देश में अग्रणी है।
- कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों में गुड गवर्नेंस इंडेक्स मे 0.652 स्कोर के साथ मध्य प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है।

टाइगर स्टेट का दर्जा बरकरार

# प्रदेश सबसे आगे बढ़े 259 टाइगर



मध्यप्रदेश एक बार फिर टाइगर ज्यादा बाघ मध्य प्रदेश में हैं। यहां 526 टाइगर थे, संख्या बढ़कर अब 785 हो गई है। प्रदेश में 259 टाइगर बढ़ गए हैं। जबकि पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा टाइगर भारत में हैं। मध्यप्रदेश के लिए यह बड़ी खुशखबरी है। मध्यप्रदेश को टाइगर स्टेट का दर्जा बरकरार रहेगा। मध्यप्रदेश में सबसे ज्यादा बाघों की संख्या बांधवगढ़ नेशनल पार्क और कान्हा किसली नेशनल पार्क में है। मध्यप्रदेश के दोबारा टाइगर स्टेट का दर्जा मिलने पर मध्यप्रदेश में खुशी का माहौल है। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपनी खुशी साझा करते हुए कहा है कि अत्यंत गर्व और हर्ष की बात है कि विगत चार वर्षों में मध्यप्रदेश में बाघों की संख्या 526 से बढ़कर 785 हो गई है। सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई। यह गौरवपूर्ण उपलब्धि वन विभाग के कर्मठ साथियों, वन्य जीव प्रेमियों और नागरिकों के योगदान से मिली है।

## 3.62 करोड़ आयुष्मान कार्ड बनाए




मध्यप्रदेश आयुष्मान हो रहा है। केंद्र की महत्वाकांक्षी आयुष्मान भारत योजना के तहत कार्ड वितरित करने में देश में मध्यप्रदेश पहले स्थान पर है। यहां अब तक 3 करोड़ 62 लाख आयुष्मान बनाए गए हैं। आयुष्यमान भारत योजना के अंतर्गत इलाज का एमपी में खर्च 4000 करोड़ रहा है। बता दें कि इस योजना के तहत मरीजों को पांच लाख तक के इलाज का भुगतान कैशलेस हो रहा है।

प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत प्रदेश में बनीं 5000 गुणवत्तापूर्ण सड़कें

# मध्यप्रदेश में तैयार सड़कों का नेटवर्क

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत बनाई गई सड़कों की गुणवत्ता में मध्यप्रदेश सबसे अग्रणी है। नेशनल क्वालिटी मॉनिटर्स की रिपोर्ट के आधार पर प्रदेश को अग्रणी राज्य का तोहफा मिला है। अंचल में लगातार सड़कों का नेटवर्क खड़ा किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को राहत मिली है। उनका समय, श्रम और अर्थ बच रहा है। बता दें कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना में अभी तक जबलपुर, मण्डला, डिंडौरी, कटनी, बालाघाट, छिंदवाड़ा, सिवनी सहित अन्य जिलों में 5000 सड़कों को बनाया गया है। आने वाले समय में सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर सड़क निर्माण कराएगी। इसके लिए भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर सहित अन्य जिलों की 2480 किलोमीटर लंबाई की 709 सड़कों का चयन किया गया है। इनका निर्माण लोक निर्माण विभाग करेगा। वहीं, 10 किलोमीटर से कम लंबाई की सड़कों के निर्माण के लिए नई योजना भी तैयार की जा रही है।



### सड़कों के मजबूत नेटवर्क ने विकास को दी रफ्तार

मध्यप्रदेश में केंद्रीय एजेंसी ने वर्ष 2022- 23 में लगभग 6500 करोड़ रुपए की लागत से 400 किलोमीटर सड़कों का नेटवर्क खड़ा किया है। मध्य प्रदेश की सड़कों की स्थिति की तुलना वर्ष 2001-02 व 2002-03 और वर्ष 2021- 22 व 2022-23 से करें तो तस्वीर एकदम साफ हो जाती है। गांवों-कस्बों से लेकर शहरों तक सड़कों के मजबूत नेटवर्क ने विकास को भी रफ्तार दे दी है। इसका फायदा प्रदेश के आम लोगों को सीधे हो रहा है। उनके बहुमूल्य समय और ईंधन की बचत हो रही है। पहले कभी सागर से भोपाल या इंदौर से भोपाल पहुंचने में पांच घंटे तक का समय लग जाया करता था, उससे राहत मिली है।

## राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना अंतर्गत 40 हजार करोड़ के 35 कार्य मंजूर

मध्य प्रदेश में तीन योजनाओं ने सड़कों के निर्माण, सुधार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना और मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क संपर्कता योजना में 1 लाख किलोमीटर से अधिक लंबाई की सड़कों के निर्माण से गांव-गांव में जाल फैल गया है। विगत 2 वित्तीय वर्षों में लगभग 12 हजार करोड़ रुपए का व्यय कर 8 हजार किलोमीटर से अधिक लंबाई की सड़कों का निर्माण, उन्नयन एवं नवीनीकरण तथा 69 पुलों का निर्माण किया गया है। वर्ष 2023 तक 7500 किलोमीटर से अधिक लंबाई की सड़कों के नवीनीकरण और मजबूती करण का लक्ष्य है। मध्यप्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना अंतर्गत लगभग 1500 किलोमीटर लंबाई के 40 हजार करोड़ रुपए की लागत के 35 कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इनमें से 27 हजार करोड़ रुपए से अधिक के सड़क निर्माण कार्य प्रगति पर हैं।

# 6 वर्ष से इंदौर देश में स्वच्छता सर्वेक्षण में पहले स्थान पर

स्वच्छता में भी मध्यप्रदेश ने परचम लहराया है। इंदौर ने छठी बार स्वच्छ सर्वेक्षण में देश में पहला स्थान प्राप्त कर कीर्तिमान स्थापित किया है। पिछले साल स्वच्छता का 'पंच' लगाने के बाद अब इंदौर ने छक्का लगाया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पुरस्कार से नवाजा। राष्ट्रपति ने नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित समारोह में प्रदेश को पुरस्कार प्रदान किया। राष्ट्रपति ने कहा कि इंदौर में अपनाया जा रहा जनभागीदारी माडल पूरे देश में अपनाया जाना चाहिए। इंदौर को स्वच्छ सर्वेक्षण के साथ इस बार कचरा मुक्त शहर स्टार रेटिंग प्रोटोकाल की सेवन स्टार रेटिंग का पुरस्कार भी मिला है। इंदौर को तीन वर्षों से फाइव स्टार रेटिंग का पुरस्कार मिल रहा है।



## सिरोंज में भारतीय डाक विभाग के कार्यक्रम में विधायक शामिल

# युग कोई भी हो, डाकिया का हमेशा महत्व रहा - उमाकांत

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

एक जमाना था जब हम डाकिया बाबू का बड़ी बेसब्री से इंतजार करते थे सुख में खुशी का एहसास एवं दुख में हमें ढाँढस प्रदान करने का काम डाकिया ही करता था लेकिन वर्तमान डाकिया का संदर्भ बदल गया है। आधुनिक जनसंचार के साधनों में संदेशों के आदान प्रदान का नए संसाधन हमारे सामने है लेकिन एक दौर था जब चिट्ठी ओर तार हमारे दैनिक उपयोग में महत्वपूर्ण होते थे। यह बात क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा ने स्थानीय डाक विभाग द्वारा भारत सरकार की योजनाओं के ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता,प्रचार प्रसार एवं कर्मचारियों के उत्साहवर्द्धन हेतु आयोजित कार्यक्रम के दौरान कही। गरिमामय कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा की नारद मुनि श्रष्टि के सबसे पहले संदेश वाहक थे। रुकमणि ने श्रीकृष्ण को अपना प्रेम संदेश भेजकर अपने सतीत्व की रक्षा की युग कोई भी रहा हो संदेश वाहक ने सत्य एवं सम्मान की रक्षा की है। डाकघर के प्रति



आज भी आमजन के विश्वास कायम है। भारत सरकार की अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ डाकघरों के माध्यम से हितग्राहियों को सीधे प्राप्त होता है। सिरोंज का यह डाकघर बहुत पुराना एवं ऐतिहासिक है उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित विदिशा संभाग के डाक अधीक्षक से डाक घर के आधिपत्य भूमि पर कर्मचारियों के निवास बनबाने की मांग करते हुए यहाँ के कार्यालय को ओर सूंदर तरीके से संवारने की बात कही। शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में विभाग द्वारा प्रतीकात्मक रूप से शिक्षकों का सम्मान भी रखा गया था जिनका विधायक उमाकांत शर्मा ने शाल श्रीफ्ल



पटका पहनाकर सम्मान किया और मानव जीवन में शिक्षा के मूल्यों और शिक्षक के महत्व से भी अवगत कराया। इसके पूर्व उन्होंने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन को भी याद किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अधीक्षक सुधीर सिकरवार ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में दिन के समय किसान मजदूरों के अपने काम पर जाने से हम उन्हें डाकघर की योजनाओं से अवगत नही कर पाते थे जिससे भारत शासन की योजनाओं से वंचित रह जाते हैं ऐसे में हमने अब निर्णय लिया है कि हम रात्रिकालीन डाक चौपालों के माध्यम से डाकघर के दूरस्थ गाँवो के नागरिकों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशानुरूप ग्रामीण क्षेत्रों में डाकघरों की बढ़ोतरी की जा रही है इसी श्रृंखला में सिरोंज लटेरी में भी करीब 30 नवीन डाकघर खोले जाएँगे। कार्यक्रम में उप डाकपाल राजेन्द्र राव खोड़के ने कार्यक्रम की भूमिका से अवगत कराया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से तहसीलदार संजय नागवंशी,सहायक अधीक्षक दिनेश पांडाल, पार्षद सचिन शर्मा के साथ बड़ी संख्या में जिले भर के डाक कर्मचारी एवम अधिकारी उपस्थित थे।

### बारिश नहीं होने से फसल बर्बाद, भारतीय किसान संघ ने सीएम के नाम दिया ज्ञापन

# सिरोंज तहसील को करें सूखाग्रस्त घोषित, बीमा व मुआवजा दिलवाएं

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

अल्प वर्षा के कारण किसानों की फ्सल बर्बादी की कगार पर पहुंच गई है। विगत 1 महीने से झमाझम बारिश की बाट अन्नादात जो रहे हैं लेकिन हालात ऐसे बने हैं कि हल्की बारिश भी नहीं हो रही है सूरज की तपन इतनी अधिक है कि दिन में खड़ा होना मुश्किल हो रहा है। फ्सल गर्मी के कारण नष्ट हो रही है। इल्ली का प्रकोप भी इतना ज्यादा बढ़ गया है कि उसको मिटा पाना भी मुश्किल हो गया है। इसकी वजह से अच्छी आने की उम्मीद लगाए बैठे किसने की फ्सल वाली रही खरीफफ्सल चौपट हो चुकी है। वैसे ही खरीफफ्सल अधिक वर्षा होने पर ही होती है बरसात कई दिनों से नहीं हुई है इस कारण सोयाबीन उड़द, मक्का ज्वार मूंग आदि की फैसले पानी नहीं गिरने के कारण पूरी तरह से बर्बाद हो गई है। जिनको देखकर किसानों की हालत खराब हो रही है ।अभी भी किसान आसमान की ओर टकटकी भरी निगाह लगाकर देख रहे हैं कि भगवान प्रसन्न हो जाएं और राहत की बारिश हो जाए तो जो कुछ फ्सले खेतों में खड़ी है वहां आ सकती हैं । जल्दी ही बारिश नहीं हुई तो खेतों में कटाई भी नहीं कर पाएंगे ।

**सरकार से मांगी राहत राशि और बीमा :** मंगलवार को भारतीय किसान संघ में रैली निकालकर मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार ललितन सक्सेना को ज्ञापन देते हुए कहा कि बरसात नहीं होने के कारण हमारे फैसले पूरी तरह से चौपट हो चुकी है जिनका जल्दी ही सर्वे कराकर किसानों को



प्रधानमंत्री फ्सल बीमा योजना का लाभ दिलवाया जाए साथ ही आगामी फ्सल की बोनी, जीवन यापन आदि करने के लिए लिए मुआवजा राशि उपलब्ध करवाई जाए। इसके अलावा जो कुछ फ्सले खेतों में अभी खड़ी हुई है उनको बचाने के लिए बिजली कटौती बंद करवा कर 10 घंटे कम से कम बिजली उपलब्ध करवाई जाए जिससे कि किस बची हुई फ्सलों में पानी देकर जो कुछ बची है उसे फ्सल को हम बचा सके अभी बिजली नहीं मिलने के कारण उसको बचाना भी कठिन हो रहा है । पहले भी बिजली वितरण कंपनी की लापरवाहियों को लेकर संघ के द्वारा एसडीएम को ज्ञापन देकर व्यवस्था को ठीक करवाने की मांग की थी अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली वितरण कंपनी की अनदेखी के कारण बिजली लाइन है जमीन से टकराकर चल रही है। इसकी वजह से कई बार कई किसानों की मौत भी हो चुकी है मवेशी भी चपेट में आने से कल के गाल में समा रहे हैं फ्रि भी बिजली वितरण कंपनी के जिम्मेदार अधिकारी कुंभकरण की नींद सो रहे हैं। दूसरी ओर किसानों को सब्सिडी पर बिजली ट्रांसफार्मर रखवाने वाले अनुदान योजना को फ्रि से प्रारंभ करवा कर उसका लाभ दिया जाए जिससे कि किसान इस योजना का लाभ लगाकर अपनी फ्सलों की सिंचाई बिजली से कर सके अभी उनके पास यह सुविधा नहीं होने के कारण वहां सिंचाई से वंचित हैं। आदि मांगे रखी मांगे रखी है। इस दौरान बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे।

# आरोन-सिरोंज रेल मार्ग के लिए जारी रहेगा आंदोलन, बैठक में हुआ निर्णय

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**



गुना आरोन सिरोंज रेल पथ निर्माण संघर्ष समिति आरोन की स्थानीय माधव स्कूल में एक बैठक आयोजित की गयी। गुना- भोपाल व्हाया बजरंगगढ- आरोन- सिरोंज- बेरसिया जन प्रस्तावित रेलवे लाइन के सम्बंध में जो पत्र मध्यप्रदेश शासन परिवहन मंत्रालय द्वारा रेलवे बोर्ड को भेजा गया है वह इस आंदोलन की बड़ी सफ्लता है। गुना आरोन सिरोंज का आम जनमानस लम्बे समय से एक नयी रेलवे लाइन गुना से भोपाल व्हाया आरोन सिरोंज की मांग करता आ रहा है। इस आशय से गठित आरोन सिरोंज रेल पथ निर्माण संघर्ष समिति द्वारा पिछले वर्षो में हजारों पोस्टकार्ड व ई मेल रेल मंत्रालय व माननीय रेल मंत्री को भेजे हैं। साथ ही इस आशय से एक प्रतिनिधि मंडल तत्कालीन रेल मंत्री से भी मिला था । एंव समय समय पर तमाम जनप्रतिनिधियों को भी ज्ञापन सौंपे गये हैं। साथ ही आरोन से सिरोंज तक इस मांग को लेकर यात्रायें भी निकाली गयीं हैं। बाकि सभी नगरों से भी उक्त मांग को लेकर सामुहिक व व्यक्तिगत प्रयास होते रहे हैं व जन प्रतिनिधियों ने भी सकारात्मक सहयोग किया है। ज्ञातव्य हो कि पिछले दिनों मध्यप्रदेश राज्य परिवहन मंत्रालय द्वारा भी इस आशय का एक पत्र रेलवे बोर्ड को भेजा गया है। इस खबर से लोगों में हर्ष व्याप्त है। इसलिए इस दिशा में आवश्यकतानुसार सकारात्मक कार्यवाही करने की रेल विभाग से काम को शुरू कराने की मांग को लेकर आगे की रणनीति बनाई गई है। आगामी दिनों में इस आंदोलन को तेज करने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता विष्णु प्रसाद दुबे ने की मीटिंग में डॉ. एस सी गोयल, मनीष श्रीवास्तव, मनोहर भदौरिया, धर्मवीर रघुवंशी,चंद्रेश अहिरवार, हकीम राईन, महेंद्र नायक आदि शामिल रहे।

## एनसीपीसीआर की बैंच 11 को बासौदा में

**विदिशा।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) द्वारा बाल अधिकारों के उल्लंघन के खिलाफ शिकायतों के निवारण एवं बच्चों को विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित किये जाने के उद्देश्य से एक दिवसीय बैंच 11 सितम्बर 2023 को विकासखण्ड गंजबासौदा में आयोजित की गई है। उक्त बैंच में 0 से 18 वर्ष आयु तक के बच्चों से संबंधित समस्त समस्याओं का निराकरण कर शासकीय योजनाओं से जोडा जायेगा।

# लोधी-लोधा समाज की बैठक में नाथन सिंह बने तहसील अध्यक्ष



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

अखिल भारतीय लोधा लोधी समाज की बैठक हुई। इसमें समाज को संगठित, शिक्षित बनाने सहित अन्य विषयों पर चर्चा हुई। कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने नाथन सिंह लोधी को सिरोंज तहसील का अध्यक्ष नियुक्त किया। इसके बाद समाज जनों ने मिठाई खिलाकर स्वागत किया ।आलोक अध्यक्ष पी एस नरवरिया ने बताया कि समाज को मुख्य धारा में जोड़ने व समाज जनों को संगठित किया जा रहा है। पुरानी कृतियों को मिटाने का प्रयास भी लोग कर रहे हैं, प्रतिभाओं को सहायता भी उपलब्ध कराने की कार्य संघ करता है। इस दौरान हरनाम सिंह लोधी आदि मौजूद थे ।

## डीईओ ने स्कूल के औचक निरीक्षण में देखी व्यवस्था

**विदिशा, दोपहर मेट्रो।**

जिला शिक्षा अधिकारी जीपी राठी के द्वारा खामखेड़ा संकुल के हाईस्कूल बर्रो का औचक निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण के दौरान विद्यालय के तीन शिक्षकों का समय से पूर्व विद्यालय छोड़ने के कारण तीनों शिक्षकों का एक दिन का वेतन काटने तथा विद्यालय में एक भी विद्यार्थी के उपस्थित ना होने पर विद्यालय प्राचार्य की एक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकी गई है। इसके साथ ही संकुल प्राचार्य द्वारा विद्यालय का समय-समय पर निरीक्षण ना करने व कार्य में शिथिलता के चलते कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

जिला शिक्षा अधिकारी राठी के द्वारा विद्यालय में संचालित आईसीटी लैब का अवलोकन किया गया तथा विद्यालय की सभी मूलभूत सुविधाओं की जानकारी प्राप्त कर व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# पूर्व विधायक निशंक का मना जन्मदिन



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री एवं पूर्व विधायक निषंक जैन का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। सिरोंज में जिला महामंत्री राजीव जैन सैनानी द्वारा जैन मंदिर में शांति धारा, अभिषेक के साथ भगतामंबर पाठ का आयोजन किया गया। श्रीमदन मोहन सरकार के मंदिर में अमानिया अर्पण किया और गरीब बस्तियों में मिठाईयों का वितरण किया गया। राजीव ने अपने उद्बोधन में कहा कि निषंक जैन पूर्व विधायक राजनैतिक होते हुए भी समाजसेवा में अगृणी रहते है। हमेषा उन्होने राजनैतिक नजरिया को हटाकर गरीबो व बेरोजगार युवाओं की परेषानियों को बहुत करीब से देखा है और दलगत राजनीति से हटकर आम जनता की मदद की है। जहां तक कांग्रेस कार्यकर्ताओं का सवाल है वहा उन्होने कांग्रेस की राजनीति में कार्यकर्ता को महत्व दिया है। इसलिए कांग्रेस कार्यकर्ता उन्हें सर्वमान्य नेता मानते है। इस अवसर पर गज बासौदा पहुचकर पूर्व विधायक निषंक जैन का शॉल श्रीफ्ल व मिठाई खिलाकर उनके जन्मदिन की खुषिया मनाई। महामंत्री राजीव जैन के अलावा गरेठा सरपंच हेमन्त राजपूत,कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ अषोक शर्मा,उपभोक्ता कांग्रेस के महामंत्री रामबाबू कुर्मी,मध्यप्रदेष पिछडा वर्ग कांग्रेस के महासचिव गजेन्द्र यादव आदि मौजूद रहे।


**मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम**

कार्यालय परियोजना यंत्री, भदभदा रोड संभाग क्रमांक-02 भोपाल

Mob. No. : 9425601534, ई-मेल : bhopaldivision2@gmail.com

क्र.- मप्रपुआअविनि/568/पय/भोपाल-02/तशा/2023 भोपाल, दिनांक : 01.09.2023

**प्रेस विज्ञप्ति**

पुलिस मुख्यालय की चयन एवं भर्ती शाखा कार्यालय का निर्माण कार्य श्यामला हिल्स भोपाल के निर्माण कार्य हेतु निविदा क्रमांक-08/2023-24 ऑनलाइन निविदा क्रमांक-MPPHCL/TENDER No. 2023_MPPHC_304049_1 आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 15.09.2023 समय 5.00 बजे तक ऑनलाइन से खरीदे जा सकते हैं, विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण Portal : https://mptenders.gov.in पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/111794/2023 परियोजना यंत्री



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग**

राष्ट्रीय राज्यमार्ग संभाग भोपाल-(मिसरोद)-462047

ई-मेल- cemeupatigmail.com फोन पर 0155-2556

निविदा सूचना क्र 09/व.ले.लि./टेंडर/2023/24 भोपाल दिनांक

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों के लिये निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है-

| क्र. | पोर्टल आई.डी. नंबर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत लाख में | धरोहर राशि रुपये | ठेकेदार की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2023_PWDRB_303651_1 | पेच रिपेयर वर्क फ्राम किमी 20 टू 37 ऑन न्यू एन.एच.752-सी ऑफ पचौर-जीरापुर रोड (प्रथम आमंत्रण) | 19.93 | 39860 | केंद्रीयक्रत लो.नि.वि. पंजीयन (सिविल) | 1 माह वर्षाकाल सहित |
| | | **महायोग राशि रू.** | 19.93 | | | |

इच्छुक निविदाकारा निविदा की सम्पूर्ण जानकारी वेबसाईट cemeupatigmail.com पर देख सकते हैं। निविदा में प्रपत्र ऑन लाईन क्रय करने की दिनांक 31.08 2023 से 14.09.2023 सायं 530 बजे तक है। अर्नेस्ट मनी (only not banking/RTGS/NEFT) पूर्व में ऑनलाईन दिनांक 14.09.2023 सायं 5.30 बजे तक प्रस्तुत किया जाना है। निविदा में यदि किसी भी प्रकार का संशोधन किया जाता है तो वह वेबसाइट पर ही अपलोड किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा।

(विकाय सिंह)
कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि.राष्ट्रीय राजमार्ग,
संभाग भोपाल

G19218/23



**कार्यालय कलेक्टर, जिला भोपाल (म.प्र.)**

क्रमांक/725/जि. ना./2023 भोपाल दिनांक 31.8.23

**वाहन नीलामी निविदा विज्ञप्ति**

कलेक्टर कार्यालय भोपाल के नीचे अंकित पुराने निष्प्रयोजित अनुपयोगी वाहनों की नीलामी की जाना है। नीलाम किये जाने वाले वाइनों का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | वाहन का पंजीयन क्रमांक | वाहन का प्रकार | निर्माण वर्ष | शासकीय निर्धारित मूल्य | निर्धारित धरोहर राशि | स्थल का नाम वाहन निरीक्षण के लिये उपलब्ध है |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | MP02/AV-3094 | महिन्द्रा बेलोरो | 2010 | 60,000/- | 10,000/- | एस.डी.एम. एम.पी. नगर वृत्त कार्यालय भोपाल |
| 2 | MP02/AV-4715 | महिन्द्रा बेलोरो | 2012 | 75,000/- | 10,000/- | कार्यालय कलेक्टर भोपाल |
| 3 | MP02/AV-3093 | महिन्द्रा बेलोरो | 2010 | 70,000/- | 10,000/- | एस.डी.एम. गोविन्दपुरा वृत्त कार्यालय भोपाल |

1- उक्त वाहनों की नीलामी हेतु सीलबंद निविदाये दिनांक 20-09-2023 को दोपहर 1.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। निविदा के साथ कॉलम नं. 6 में निर्धारित धरोहर राशि का कलेक्टर गोपाल के नाम से राष्ट्रीयकृत बैंक का मूल बैंक ड्राफ्ट संलग्न करना अनिवार्य होगा।

2- प्रत्येक वाहन की पृथक पृथक निविदायें पृथक पृथक अमानत राशि के बैंक डी.डी. के साथ प्रस्तुत करना अनिवार्य हैं।

3- सीलबंद निविदायें कलेक्टर कार्यालय (प्रभारी अधिकारी नजारत शाखा कक्ष) में स्थापित बॉक्स में निर्धारित दिनांक / समय तक प्रस्तुत की जावेगी। विलम्ब से प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जावेगा।

4- प्राप्त निविदाये निर्धाारित दिनांक 20-09-2023 को दोपहर 3.00 बजे गठित समिति द्वारा निविदाकारों के समक्ष खोली जावेगी। इस प्रकार निविदाकार / प्रतिनिधि को उपस्थित रहना होगा, अनुपस्थिति की दशा में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। निर्धारित अपसेट प्राईज (निर्धारित मूल्य) से कम दर की निविदा प्राप्त होने पर मान्य नहीं की जावेगी ।

**शर्तें-** (1) वाहन जिस स्थिति में रखा है/ खड़ा हैं, यथास्थिति में नीलाम किया जावेगा। (2) वाहन की स्थिति का निरीक्षण कार्यालयीन दिवस एवं कार्यालयीन समय में किया जा सकता है। (3) निविदा स्वीकृत होने पर निविदाकार को पूर्ण राशि 03 दिवस में जमा कर वाहन प्राप्त करना होगा वाहन का पंजीयन आदि अपने व्यय पर करना होगा। (4) निविदा स्वीकृत होने के पश्चात निविदाकार द्वारा वाहन नहीं उठाया जाता है, तो धरोहर जमा राशि वापस नहीं होगी, शासन हित में राजसात की जावेगी। (5) निविदा स्वीकार करने एवं अस्वीकार करने के पूर्ण अधिकार कलेक्टर को विहित रहेगे। जिसके लिये किसी प्रकार का कोई कारण बताना आवश्यक नहीं होगा, तथा इस संबंध में वाद किसी भी न्यायालय में ग्राहय नहीं होगा।

**(कलेक्टर द्वारा अनुमोदित)**

G19251/23

**(पी.सी. शाक्य) संयुक्त कलेक्टर**
**वास्ते कलेक्टर भोपाल**

# वर्ल्ड कप की 'टीम भारत' के मायने



आलोक गोस्वामी
खेल विश्लेषक

**भारतीय** सरजमीं पर होने वाले वनडे वर्ल्ड के लिए टीम इंडिया का ऐलान कर दिया गया है।अजित आगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति ने श्रीलंका में कोच और कप्तान के साथ सलाह मशवरा कर एशिया कप की टीम इंडिया में कोई फेरबदल करना उचित नहीं समझा। वैसे तो एशिया कप की टीम घोषणा से ही यही अनुमान था कि चयनकर्ता इसी टीम पर अपना वर्ल्ड कप दांव खेलेंगे। भले ही संजू सैमसन, तिलक वर्मा एशिया टीम का हिस्सा थे लेकिन सच तो यह है कि इनका चयन मात्र रिजर्व खिलाड़ी की हैसियत से हुआ था।

अब अगर हम टीम इंडिया के संयोजन पर गौर करें तो फिर मेरी नजर में एकमात्र सबसे बड़ा सवाल रविन्द्र जडेजा ओर अक्षर पटेल का वनडे में एक साथ चयन को लेकर है। दोनों ही खिलाड़ियों की टीम में उपयोगिता एक समान है, ऐसे में एक साथ दोनों को एकदश में शामिल करने की गुंजाइश कम ही रहेगी।मतलब साफ है कि भारतीय सरजमीं पर होने वाले वनडे वर्ल्ड में टीम इंडिया ज्यादातर 2 फिरकी के साथ मैदान में उतरने वाली है। वहीं अगर किसी फिरकी मददगार पिच पर टीम इंडिया को 3 फिरकी को अंतिम एकादश में आजमाना है तो फिर उनकी जडेजा व अक्षर दोनो ही एक साथ मैदान में नजर आयेंगे। ऐसी स्थिति में तेज गेंदबाज ऑलराउंडर के विकल्प के तौर पर ही यह दांव खेला जायेगा। कहीं न कहीं इस बात से टीम मैनजमेंट का यह फैसला एक गेंदबाज के उपयोग को बल्लेबाजी की ताकत कमजोर न करने वाला कहा जा सकता है। भले ही चयनकर्ताओं के तर्क के अनुसार कुलदीप यादव दो तरह के फिरकी की जगह भर सकते हैं। वह रिस्ट स्पिनर भी है साथ ही उनकी गेंदबाजी विविधता ऑफ स्पिनर की भी कमी महसूस नहीं होने देगी।इस बात में कोई शक नहीं कि कुलदीप यादव पिछले कुछ समय से अपनी भूमिका बखूबी निभा रहे हैं।लेकिन अगर हम उनकी घातक गेंदबाजी के इतिहास पर नजर डालें, तो फिर उनकी सफलता में ज्यादातर दूसरे छोर के आक्रामक गेंदबाज के रोल को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। 'कुलचा' रूपी जोडी ने कई मौकों पर स साबित भी कर दिखाया है।खासकर घरेलू मैदान पर इस जोड़ी ने बड़ी बड़ी टीमों को कई बार घुटनों पर लाने का काम कर दिखाया भी है, लेकिन चूंकि चहल या फिर उन्ही की शैली के रवि विश्नोई पर चयनकर्ताओं ने विचार भी नहीं किया। जिसकी वजह या तो भारतीय सरजमीं पर होने वाले वर्ल्ड कप में सपाट विकेट की आस ही होगी,जिस पर बल्लेबाजी की गहराई को बढ़ाना ही चयन की प्रमुख वजह होगी। चयनकर्ताओं का यह पहलू तो गेंदबाजी के लिहाज से कहा जा सकता है, लेकिन अगर हम बल्लेबाजी की ताकत व गहराई देखें तो फिर एक बात साफ है कि बिना मैदानी फिटनेस साबित किये हुए केएल राहुल का चयन टीम मैनजमेंट ओर कप्तान का उन पर अटूट भरोसा कहा जा सकता है।

वहीं सूर्य कुमार यादव के लिए भी वनडे के नजरिए से यही बात लागू हो सकती है।एशिया कप के सुपर-4 राउंड में इन दोनों बल्लेबाजों के साथ श्रेयष अय्यर को भी अपने वर्ल्ड कप चयन को सही साबित करने का आखिरी अवसर रहेगा। हालांकि एशिया कप के बचे हुए 3 या 4 मैचों में किसको अपने हाथ आजमाने का मौका मिलेगा यह तय नहीं लेकिन एशिया कप से लेकर वर्ल्ड कप की टीम इंडिया के चयन को देख कर एक बात साफ हो गई कि चयन का आधार काम से ज्यादा फिलहाल नाम ही कहा जा सकता है।

### वर्ल्ड कप के लिए टीम इंडिया के ऐलान के बाद भारतीय कप्तान का बयान

# रोहित बोल- हमें बैटिंग-बॉलिंग दोनों में गहराई की जरूरत है...

**कैंडी, एजेंसी।** वर्ल्ड कप के लिए टीम इंडिया के ऐलान के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि टीम का चयन खिलाड़ियों की करेंट फॉर्म और टीम बैलेंस के हिसाब से किया गया है। उन्होंने कहा कि हमने वर्ल्ड कप में अपने विपक्षी टीमों की स्ट्रेंथ और वीकनेस का भी ध्यान रखा है। भारतीय कप्तान ने कहा कि मुझे पता है कि वर्ल्ड कप से बाहर होना कैसा होता है, इसलिए जो इसका हिस्सा नहीं हैं, उनकी फीलिंग का मुझे अहसास है।



एक सवाल के जवाब में रोहित ने कहा कि हमें लोअर मिडिल ऑर्डर पर ऐसे खिलाड़ियों की जरूरत थी, जो जरूरत पढ़ने पर बैटिंग भी कर सके। इसलिए हमने पंड्या और शार्दूल ठाकुर के तौर पर दो पेस ऑलराउंडर और अक्षर पटेल और रवींद्र जडेजा के रूप में दो स्पिन ऑलराउंडर्स को चुना है। चयन के बाद रोहित शर्मा ने कहा है कि वनडे क्रिकेट में आपके पास ज्यादा समय होता है, जबकि टी20 में रणनीति बनाने या नए प्लान के बारे में सोचने का समय नहीं होता है। यह हमारे साथ ही नहीं है, बल्कि अन्य टीम के साथ भी है। हर वर्ल्ड कप में ऐसा होता है, कोई न कोई खिलाड़ी टीम में जगह नहीं बना पाता है। हमें सबसे बेहतरीन टीम चुननी होती है और ऐसे में किसी न किसी को टीम से बाहर रखना पड़ता है। हमें टीम में बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में गहराई की जरूरत है। पिछले कुछ साल में हमने ऐसा महसूस किया कि हमारी टीम में इसकी कमी है। कई मौकों पर हमें लगा कि हमारी टीम की बल्लेबाजी में गहराई नहीं है। नौवें, 10वे या 11वें नंबर के खिलाड़ियों का काम सिर्फ गेंदबाजी करना नहीं है। कई मौकों पर ये लोग 10-15 रन बना जाते हैं, जो हार और जीत का अंतर साबित होते हैं।

### अय्यर-राहुल सही समय पर फिट हुए

चीफ सिलेक्टर अजित अगरकर ने कहा कि हमारे सामने खिलाड़ियों की चोट समस्या थी, लेकिन सही समय पर श्रेयस और राहुल फिट हो गए। हमने कई नामों पर चर्चा की, लेकिन आपको टीम के संतुलन के हिसाब से सबसे बेहतरीन टीम चुननी होती है। लोकेश राहुल लय में हैं, वे बेंगलूरू में अच्छे दिख रहे थे, लेकिन एशिया कप से पहले चोटिल हो गए। 50 ओवर में आप एक ऑफ स्पिनर टीम में चाहते हैं, लेकिन यह सबसे संतुलित टीम है। हमनें जिन गेंदबाजों का चयन किया है, उससे खुश हैं। वहीं कप्तान रोहित शर्मा, शुभमन गिल व विराट कोहली भारत का टॉप ऑर्डर यानी टॉप-3 बनाते हैं। इनके नाम 24 हजार से ज्यादा वनडे रन व शतक हैं। विराट ने 46, रोहित ने 30 और गिल ने 4 शतक जमाए हैं। इतने शतक वर्ल्ड कप में हिस्सा लेने वाली किसी भी टीम के टॉप ऑर्डर के नाम नहीं हैं। इस समय वनडे रैंकिंग में टॉप-10 गेंदबाजों में से दो भारतीय टीम में हैं। मोहम्मद सिराज 670 अंकों के साथ चौथे स्थान पर हैं। कुलदीप यादव 622 अंकों के साथ 10वें स्थान पर है। इस समय ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के अलावा कोई और ऐसी टीम नहीं है जिसके दो गेंदबाज रैंकिंग में टॉप-10 में शामिल हो।

### इधर, साउथ अफ्रीका टीम घोषित: टेम्बा बवुमा को कमान, 7 अक्टूबर को श्रीलंका से पहला मुकाबला

वनडे वर्ल्ड कप के लिए साउथ अफ्रीका के 15 सदस्यीय टीम की घोषणा हो गई है। वनडे वर्ल्ड कप 5 अक्टूबर से भारत में शुरू होना है। 15 सदस्यीय टीम की कमान टेम्बा बावुमा को सौंपी गई है। बावुमा सहित 8 खिलाड़ी पहली बार वर्ल्ड कप टीम का हिस्सा हैं। वहीं अफ्रीकी टीम में इस साल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू करने वाले तेज गेंदबाज गेराल्ड कोएत्जी को भी जगह मिली है। गेराल्ड ने अब तक केवल दो वनडे खेले हैं। उन्होंने दोनों मैच में कुल 5 विकेट लिए हैं। उन्हें डेब्यू मैच में तीन विकेट मिले थे। विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक वर्ल्ड कप के बाद संन्यास लेंगे। उन्होंने पहले ही इसकी घोषणा कर दी थी। वहीं डी कॉक के अलावा टीम में बैटर रीजा हेंड्रिक्स, हेनरिक क्लासेन, एडेन मार्करम, डेविड मिलर और रासी वैन डेर डुसेन को भी शामिल किया गया है। कागिसो राबाडा, एनरिक नॉर्टजे और लुंगी एनगिडी के कंधों पर तेज गेंदबाजी का दारोमदार होगा। जबकि केशव महाराज और तबरेज शम्सी के कंधों पर स्पिन की जिम्मेदारी होगी। साउथ अफ्रीकी टीम अपने अभियान की शुरुआत 7 अक्टूबर से दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में श्रीलंका के खिलाफ करेगी। वहीं 29 सितंबर को अफगानिस्तान और 2 अक्टूबर को न्यूजीलैंड के खिलाफ अभ्यास मैच खेलना है। टेम्बा बावुमा (कप्तान), गेराल्ड कोएट्जी, क्विंटन डी कॉक, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को जानसन, हेनरिक क्लासेन, सिसंडा मगाला, केशव महाराज, एडेन मार्करम, डेविड मिलर, लुंगी एनगिडी, एनरिक नॉर्टजे, कैगिसो रबाडा, तबरेज शम्सी, रासी वैन डेर डुसेन।

# कार्लोस साल 2021 से लगातार यूएस ओपन के टॉप-8 में पहुंच रहे

**न्यूयार्क, एजेंसी**



डिफेंडिंग चैम्पियन कार्लोस अल्कारेज तीसरी बार यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए है। वहीं डेनियल मेदवेदेव ने भी टॉप-8 में अपनी जगह पक्की कर ली है। कार्लोस ने प्री क्वार्टर फाइनल में इटालियन खिलाड़ी माटेओ अर्नाल्डी को हराया। एक घंटे 59 मिनट चले मैच में उन्होंने माटेओ को 6-3, 6-3, 6-4 से हराया। कार्लोस 2021 से लगातार यूएस ओपन के टॉप-8 में पहुंच रहे हैं। पिछले साल उन्होंने फाइनल में कैस्पर रूड को हराकर खिताब अपने नाम किया था। अर्नाल्डी को 6-3, 6-3, 6-4 से हराया। रूसी खिलाड़ी डेनियल मेदवेदेव ने सोमवार को खेले गए टॉप-16 के मैच में टूर्नामेंट के 13वीं सीड ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी एलेक्स डी मिनौर को हराया। 3 घंटे 46 मिनट तक चले इस मैच में मेदवेदेव को जीतने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। पहला सेट डी मिनौर ने 6-2 से जीत लिया। उसके बाद मेदवेदेव ने मैच में वापसी करते हुए लगातार तीनों सेट 6-4, 6-1 और 6-2 से जीते। अब उन्हें क्वार्टर फाइनल में हमवतन आंद्रे रुबलेव से भिड़ना है।

### ग्रैंडस्लैम विजेता नोवाक जोकोविच ने फेडरर और अगासी के रिकॉर्ड की बराबरी की

23 बार के ग्रैंडस्लैम विजेता जोकोविच ने चौथे राउंड में 105वीं रैंकिंग वाले क्रोएशियाई क्वालिफायर बोर्ना गोजो को सीधे सेटों में 6-2, 7-5, 6-4 से हराया। तीन बार के स-ओपन विजेता जोकोविच का अंतिम-8 में सामना अमेरिक के नंबर-1 खिलाड़ी टेलर फिट्ज से होगा। फिट्ज पहली बार स-ओपन के अंतिम-8 में पहुंचे हैं। जोकोविच ने फेडरर और अगासी के रिकॉर्ड की बराबरी की फेडरर और अगासी भी अपने करियर में 13-13 बार यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे थे। फिलहाल ये दोनों खिलाडी टेनिस को अलविदा कह चुके हैं। फेडरर ने सितंबर 2022 और अगासी ने सितंबर 2006 में टेनिस से संन्यास लिया था। जोकोविच का यूएस ओपन में यह 17वां अपियरेंस है, जिसमें वो 13वीं बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचे हैं। यह कुल ग्रैंडस्लैम में उनका 57वां क्वार्टर फाइनल भी है। 17 बार स-ओपन खेलने वाले जोकोविच पिछले 16 बार में 11 बार सेमीफाइनल में पहुंचे। नौ बार फाइनल खेले, छह बार फाइनल में हारे, और तीन बार (2011, 2015 और 2018 में) खिताब अपने नाम किया। फेडररर अपने 13 स-ओपन क्वार्टर फाइनल मैचों में 10 बार सेमीफाइनल में पहुंचे, दो बार रनर-अप रहे और पांच बार (2004, 2005, 2006, 2007 और 2008) टाइटल जीता। अगासी 13 क्वार्टर फाइनल में से आठ बार सेमीफाइनल में पहुंचे और चार बार रनर-अप रहे।

# श्रीलंका ने लगातार 12वीं बार अपनी प्रतिद्वंद्वी टीम को ऑलआउट किया, वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज

**लाहौर, एजेंसी**

डिफेंडिंग चैंपियन श्रीलंका ने एशिया कप के आखिरी लीग मुकाबले को 2 रनों से जीतकर सुपर-4 में प्रवेश कर लिया है। लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में श्रीलंका ने टॉस जीतकर बैटिंग करते हुए 50 ओवर में 8 विकेट पर 291 रन बनाए। जवाब में अफगानिस्तान की टीम 37.4 ओवर में 289 रनों पर ऑलआउट हो गई। श्रीलंका ने लगातार 12वीं बार अपनी प्रतिद्वंद्वी को ऑलआउट किया है, जो एक वर्ल्ड रिकॉर्ड है। श्रीलंका की ये वनडे में लगातार 12वीं जीत भी है, टीम को आखिरी हार भी अफगानिस्तान के खिलाफ इसी साल जून में मिली थी। अफगानिस्तान की टीम 37.1 ओवर में टीम 292 रन बना लेती तो सुपर-4 में पहुंच जाती। यह कैलकुलेशन तो सही था; लेकिन साथ ही अगर टीम 37.4 ओवर में 295 रन बना लेती तब भी सुपर-4 में पहुंच जाती, लेकिन टीम को दूसरा इक्वेशन नहीं पता था। 289/9 था। यानी अगली तीन गेंदों पर 6 या इससे ज्यादा रन बन जाते तो टीम अगले राउंड में पहुंच जाती; लेकिन टीम के नंबर-11 बल्लेबाज फजल हक फारुकी ने इस हिसाब से नहीं खेला। उन्होंने 37.2 और 37.3 नंबर की गेंद पर रन लेने की कोई अर्जेंसी नहीं दिखाई।



## मेट्रो बाजार

# म्यूचुअल फंड और एसआईपी रजिस्ट्रेशन रिकॉर्ड तेजी से बढ़ रहे

**मुंबई, एजेंसी**

यूनियन फाइनेंस मिनिस्टर निर्मला सीतारमण ने को ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2023 में कहा कि पिछले कुछ सालों में भारत के फाइनेंशियल इकोसिस्टम ने बड़ी ग्रोथ दर्ज की है। निर्मला सीतारम ने यह भी बताया कि भारत ने पिछले चार फाइनेंशियल ईयर में कैसे वेल्थ यानी संपत्ति बनाई है। मुंबई में ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2023 के इनोग्रेशन में निर्मला सीतारमण ने कहा, एक समय था जब कन्वेंशन फाइनेंशियल एक्टिविटीज फाइनेंशियल इकोसिस्टम की बैकबोन थीं, लेकिन आज फिनटेक एक अधिक मजबूत और डायनेमिक फाइनेंशियल इंक्लूजन टूल बन गया है। डीमैट अकाउंट्स की संख्या 2022-23 में बढ़कर 10 करोड़ हुई




निर्मला सीतारमण ने कहा कि डीमैट अकाउंट्स की संख्या 2019-20 में 4.1 करोड़ से 2.5 गुना बढ़कर 2022-23 में 10 करोड़ हो गई है। इतना ही नहीं उन्होंने यह भी बताया कि अब रिकॉर्ड संख्या में म्यूचुअल फंड और एसआईपी रजिस्टर्ड किए जा रहे हैं, जो वेल्थ बनाने में मदद करते हैं। फाइनेंस मिनिस्टर ने कहा, भारत के टॉप-30 शहरों से आमतौर पर फॉर्मल सेविंग्स में आगे रहने की उम्मीद की जाती है। हालांकि, पिछले चार सालों में टोटल म्यूचुअल फंड इकोसिस्टम में टॉप-30 शहरों को छोड़कर अन्य शहरों की हिस्सेदारी 15 प्रतिशत से बढ़कर 26 प्रतिशत हो गई है। इसलिए यह 30 से ज्यादा शहर हैं, जो भारत के फाइनेंशियल इकोसिस्टम में योगदान दे रहे हैं।


# वोल्वो इंडिया की पावरफुल इलेक्ट्रिक कार लॉन्च



**नईदिल्ली।** वोल्वो इंडिया ने अपनी पावरफुल इलेक्ट्रिक कार %वोल्वो सी 40 रिचार्ज% को भारत में ऑफिशियल तौर पर बिक्री के लिए लॉन्च कर दिया है। कंपनी ने इस कार की शुरुआती कीमत 61.25 लाख रुपए (एक्स-शोरूम प्राइस) रखी है। वोल्वो का दावा है कि यह कार एक बार फुल चार्ज करने पर 530 किमी चलती है। वहीं इस कार को 80त्न तक चार्ज होने में सिर्फ 27 मिनट का समय लगता है। कंपनी के इंडियन लाइनअप में वोल्वो सी 40 रिचार्ज दूसरी प्योर इलेक्ट्रिक कार है। इस इलेक्ट्रिक की ऑफिशियल बुकिंग भी शुरू की जा चुकी है। जिसे कस्टमर्स कंपनी की ऑफिशियल वेबसाइट और डीलरशिप से भी बुक कर सकते हैं। इसकी डिलीवरी अगले कुछ हफ्तों में शुरू की जाएगी। सी 40 रिचार्ज का मुकाबला हुंडई आयोनिक-5 समेत इन कारों से होगा

वोल्वो सी 40 रिचार्ज, एक्स सी 40 रिचार्ज का ही कूपे स्टाइल वर्जन है। प्रीमियम इलेक्ट्रिक व्हीकल सेगमेंट में वोल्वो सी 40 का मुकाबला हुंडई आयोनिक 5, किया ईवी और वोल्वो एक्स सी 40 रिचार्ज से होगा।

## मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना



# सौरव गांगुली की बायोपिक में आयुष्मान प्ले करेंगे रोल

आयुष्मान खुराना ड्रीम गर्ल-2 की सक्सेस एंजॉय कर रहे हैं। इस बीच आयुष्मान ने पूर्व क्रिकेटर सौरव गांगुली की बायोपिक में दादा का किरदार निभाने को लेकर बात की है। इससे पहले ये कहा जा रहा था कि फिल्म में रणबीर कपूर सौरव गांगुली का लीड रोल प्ले करेंगे। आयुष्मान खुराना ने इस बात की पुष्टि तो नहीं की लेकिन उन्होंने इन रिपोर्ट्स को गलत भी नहीं बताया। उन्होंने कहा- मैं इस बारे में फिलहाल कुछ नहीं कहूंगा। हमें ऑफिशियल अनाउंसमेंट का इंतजार करना चाहिए।

### पूरी हो चुकी है फिल्म की स्क्रिप्टिंग

रिपोर्ट्स के मुताबिक इस साल के अंत तक बायोपिक की शूटिंग शुरू हो जाएगी। इस साल 26 मई को प्रोड्यूसर लव रंजन और अंकुर गर्ग सौरव गांगुली से मिलने कोलकाता गए थे। फिल्म को लेकर सौरव गांगुली और प्रोड्यूसर्स के बीच डिटेल डिस्कशन हो चुका है। डायरेक्टर ने सौरव गांगुली से उनकी जिंदगी के सबसे दिलचस्प किस्सों पर डिटेल में बात की है। बायोपिक के लिए जरूरी स्क्रिप्ट राइटिंग भी कर ली गई है। फिल्म के स्क्रीनप्ले में सौरव गांगुली की जिंदगी से जुड़ी कई अनसुनी और दिलचस्प कहानियों को शामिल किया गया है।

### सौरव की जर्नी पर किया गया है फोकस

रिपोर्ट के मुताबिक डायरेक्टर ने फिल्म में सौरव की जिंदगी को सिर्फ बीसीसीआई प्रेसिडेंट के तौर पर पेश करने की बजाय उनकी पर्सनल लाइफ पर फोकस किया है। उनकी जर्नी को फिल्माने पर जोर दिया गया है। फिल्म के लिए उनकी वाइफ दोना गांगुली का भी वर्जन लिया गया है। सौरव गांगुली ने कहा था कि फिल की स्क्रिप्ट लगभग फाइनल हो गई है। आयुष्मान से पूछा कि क्या ड्रीम गर्ल-2 के सक्सेस के बाद अब वो ड्रीम गर्ल-3 पर भी काम करेंगे? इसका जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि इस बारे में तो डायरेक्टर राज शांडिल्य ही बता सकते हैं।

# फुकरे-3 'भोली पंजाबन' को टक्कर देंगे 'चूचा'

कॉमेडी फिल्म 'फुकरे' के मेकर्स ने फिल्म के थर्ड पार्ट फुकरे-3 का ट्रेलर रिलीज कर दिया है। फिल्म में एक बार फिर पुलकित सम्राट, मनजोत सिंह, वरुण शर्मा की जोड़ी सबको हंसाएगी। ऋचा चड्ढा भी बोली पंजाबन बनकर लौट आई हैं। फिल्म में पंकज त्रिपाठी कॉमेडी का जबरदस्त तड़का लगाते हुए नजर आए। कब रिलीज होगी फिल्म फिल्म का ट्रेलर कॉमेडी से भरपूर है। 'फुकरे-3' पहले 1 दिसंबर को रिलीज होने वाली थी पर अब यह फिल्म 28 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मृगदीप सिंह लांबा के निर्देशन में बनी फुकरे साल 2013 में रिलीज हुई थी, जिसे दर्शकों ने खूब पसंद किया था।



फिल्म में पुलकित सम्राट, अली फजल, ऋचा चड्ढा, प्रिया आनंद, मंजोत सिंह, वरुण शर्मा, पंकज त्रिपाठी जैसे कई सितारे लीड रोल में थे। फुकरे के 4 साल बाद 2017 में फुकरे रिटर्न रिलीज हुई थी।

# सनी बोले- अफवाहें प्रोफेशन का हिस्सा



बॉलीवुड एक्टर सनी देओल ने हमेशा अपनी पर्सनल लाइफ को सीक्रेट ही रखा है। हालांकि, इन दिनों फिल्म 'गदर-2' की सफलता के बाद दिए कुछ इंटरव्यूज में वे अपनी पर्सनल लाइफ पर बात कर रहे हैं। हाल ही में दिए कुछ इंटरव्यूज में सनी ने कई मजेदार किस्से शेयर किए। चाहे वो 'डर' के सेट पर डायरेक्टर से बहस होने के बाद अपनी जींस फाड लेना हो या फिर क्रिकेट स्टेडियम में लड़कों की मार-पिटाई करना, कई किस्सों में एक्टर ने अपने गुस्से का जिक्र किया है। इसी बीच सनी का एक पुराना इंटरव्यू भी वायरल हो रहा है जो साल 1984 में वैंकूवर में फिल्म 'जोशीले' के सेट पर लिया गया था। इंटरव्यू में सनी ने बताया कि वे अपनी लव लाइफ पर अफवाहों का असर नहीं पड़ने देते। सनी से पूछा गया कि जब को-एक्ट्रेस के साथ आपका नाम लिंक किया जाता है तो आपका क्या रिएक्शन होता है। इस पर सनी ने हंसते हुए कहा कि यह इस प्रोफेशन का हिस्सा है। वहीं जब एंकर ने पूछा कि जब इस तरह की खबरें मंगेतर पूजा तक पहुंचती हैं तो वो क्या रिएक्ट करती हैं? तो सनी ने कहा- 'मुझे पता नहीं, उस तक पहुंचती हैं या नहीं। ऐसा कुछ नहीं है।'

# लिंक रोड अब हुई 'आजाद'





**भोपाल दोपहर मेट्रो।** कांग्रेस की चार दिन चली रणनीतिक बैठकों के चलते लिंक रोड एक पर पीसीसी के सामने तथा लिंक रोड दो से जोड़ने वाली सड़क आज आजाद नजर आ रही है। दरअसल चार दिन से यहां कांग्रेस नेताओं के वाहनों की सड़क पर पार्किंग के चलते पूरा ट्रैफिक अस्तव्यस्त रहा और लोगों को निकलने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा, इस दौरान कई बार यहां से गुजरने वाले वाहनचालकों की झड़पें भी हुई। खास बात यह है कि इस दौरान पुलिस का कोई भी कर्मचारी व्यवस्था बनाने व गाड़ियों की ठीक से पार्किंग कराने के लिये मौजूद नहीं नजर आया,जबकि आसपास रहने वाले पुलिस अफसरों के वाहन भी भीड़ में से किसी तरह निकलने की कोशिश करते रहे। लिंक रोड एक पर भी पीसीसी के सामने से रेडक्रास अस्पताल तक बेतरतीब वाहन खड़े होते रहे और सामान्य ट्रेफिक जाम रहा। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस के प्रदेश व चुनाव प्रभारी ने यहां सभी जिलाध्यक्षों और विधायकों की बैठक ली थी। इन नेताओं के साथ प्रदेशभर से कार्यकर्ता भी यहां पहुंचे थे।







### अमराई में घर के पास खेल रहा था बच्चा

# कार रिवर्स करते समय चपेट में आया मासूम बालक, मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित अमराई में कल शाम कार रिवर्स करते समय 3 साल का मासूम चपेट में डु गया। कार चालक उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल लेकर पहुंचा था, वहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।**



फाइल फोटो

पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सब इंस्पेक्टर जसवंत सिंह ने बताया कि अर्जुन पिता संतोष वाल्मीकि (3) अमराई परिसर बाग सेवनिया में रहता था। मंगलवार शाम करीब 7 बजे के आसपास वह घर के सामने खेल रहा था। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाला युवक अपने परिवार को लेकर कर से पहुंचा था। परिजन को उतारने के बाद वह कार रिवर्स कर अपने रिश्तेदार को लौटाने जा रहा था। उसे ध्यान ही नहीं रहा की पीछे अर्जुन खेल रहा है और उसने कार रिवर्स कर दी। कार रिवर्स करते समय अर्जुन चपेट में आ गया।

### खुद लेकर पहुंचा अस्पताल

कार की चपेट में आते ही अर्जुन के मुंह से चीख निकली थी। वहीं आसपास खड़े लोगों ने शोर मचाया। भनक लगते ही कार चला रहा युवक अर्जुन को लेकर अस्पताल पहुंचा। वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही अर्जुन को मृत्यु घोषित कर दिया।

### शरीर पर नहीं थी चोट

सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मसूरी में रखवा दिया था। मामले की जांच कर रहे हैं सब इंस्पेक्टर सिंह ने बताया कि अर्जुन के शरीर पर चोट के निशान नहीं है।अनुमान ही की कार की टक्कर से अर्जुन को धमस लगी थी और अंदरूनी चोट होने के कारण उसकी मौत हो गई।

### परिवार में सबसे छोटा था अर्जुन

अर्जुन के पिता संतोष वाल्मीकि और मन साफ सफाई का काम करते हैं। संतोष वाल्मीकि ने पुलिस को बताया कि अर्जुन उनका सबसे छोटा बेटा था जबकि उससे बड़ी बेटी है और एक बड़ा बेटा है।

## कार की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

**भोपाल।** टीटी नगर इलाके में तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल हो गया। पुलिस के मुताबिक अमित जेठवानी (27) रेहटी जिला सीहोर का रहने वाला है और एक रेस्टारेंट में काम करता है। सोमवार को वह न्यू मार्केट सामान खरीदने आया था। दोपहर करीब साढें तीन बजे अपनी मोटर सायकिल से वह घर लौट रहा था। नानके पेट्रोल पंप के आगे पहुंचा, तभी कट पाइंट पर तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे अमित बाइक समेत गिरकर घायल हो गया। टक्कर लगने से उसके सिर और हाथ पैर में चोट आई है। पुलिस ने अमित की रिपोर्ट पर कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## हजारों की अवैध शराब के साथ कई तस्कर गिरफ्तार

**भोपाल।** अवैध शराब की तस्करी करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। हबीबगंज पुलिस ने दानापानी रोड पर रंजीत साहू निवासी पिपलानी को पकड़कर उसके पास अवैध रूप से रखी 12 बोतल अंग्रेजी शराब जब्त की है। जब्त हुई शराब की कीमत 7500 रुपए बताई गई है। शाहपुरा पुलिस ने नहर के पास नवीन राजपूत निवासी ईश्वर नगर से दो हजार की अवैध शराब जब्त की है। इधर बैरसिया पुलिस ने बिरहा श्यामखेड़ी जोड़ के पास दिनेश कुशवाह और शमशाबाद चौराहे से पुरुषोत्तम सिलावट को अवैध शराब के साथ पकड़ा। दोनों के पास से चार हजार रुपए कीमत की शराब जब्त की गई है। सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया है।

## गौरव शाक्य हत्याकांड : 20 दिन बाद भी आरोपी फरार, परिजन ने सौंपा सीएम को ज्ञापन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

बजरिया इलाके में आरटीओ एजेंट की चाकू मारकर हत्या करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी तीन सप्ताह बाद भी नहीं हो पाई है। पीड़िता परिवार ने मंगलवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को ज्ञापन सौंपकर आरोपियों की गिरफ्तारी करने की मांग करते हुए न्याय दिलाने की गुहार लगाई है। मुख्यमंत्री ने परिवार को आश्वस्त किया है कि जल्द ही गिरफ्तारी करवाई जाएगी।

जानकारी के अनुसार गरम गड्ढा रोड चांदब? निवासी गौरव शाक्य (24) आरटीओ एजेंट का काम करता था। पिछले महीने 15 अगस्त की रात वह मूर्ति देखने के बाद भोपाल स्टेशन के सामने स्थित एक होटल पर दोस्त के साथ खाना खाने पहुंचा था। यहां पहले से मौजूद कुछ लोगों से उसका विवाद हो गया था। उसके बाद आधा दर्जन से ज्यादा बदमाशों ने उस पर चाकुओं से हमला कर दिया था। गंभीर रूप से घायल गौरव को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया था। परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर इलाके में चक्काजाम किया था, जिस पर पुलिस ने उनकी जल्द गिरफ्तारी करने, आरोपियों पर एनएसए की कार्रवाई करने और उनके अतिक्रमण तोड़ने की बात कही थी, लेकिन फिलहाल किसी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है।

## कुख्यात बदमाश से दो कट्टे और दो जिंदा कारतूस बरामद

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**



फाइल फोटो

क्राइम ब्रांच की टीम ने दो बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके पास से दो देशी कट्टे और दो जिंदा कारतूस बरामद की है। दोनों आरोपी निगरानी बदमाश हैं और उन पर राजधानी के अलग अलग थानों में अपराध दर्ज है। पुलिस आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उनसे पूछताछ कर रही है। क्राइम ब्रांच के अनुसार सूचना मिली कि हबीबगंज अंडर ब्रिज के पास एक युवक खड़ा है और उसके पास अवैध देशी कट्टा है। सूचना के बाद क्राइम ब्रांच की टीम ने अंडर ब्रिज तिराहा के पास हबीबगंज में घेराबंदी की और एक युवक को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम रविन्द्र सेन उर्फ छोटू पिता श्यामलाल सेन (20) भीम नगर, नेपाली मौहल्ला, अरेरा हिल्स बताया। उसकी तलाशी लेने पर उसके पास से एक देशी कट्टा और जिंदा कारतूस मिला। देशी कट्टा के बारे में पूछताछ करने पर उसने बताया कि उक्त कट्टा उसने सुरेन्द्र कुशवाह निवासी प्रिदर्शनीय नगर से 5 हजार रुपए में खरीदा है। टीम आरोपी को हिरासत में लेकर सुरेंद्र कुशवाह की तलाश में निकली। टीम चार इमली से होते हुए प्रिदर्शनी नगर जा रही थी, तभीकि ज्योतिबा फुले नगर शुलभ काम्पलेक्स के पास रोड पर सुरेन्द्र कुशवाह नजर आया। रविन्द्र उर्फ छोटू ने उसकी पहचान करते हुए टीम को बताया।

## विभिन्न स्थानों से लाखों रुपये कीमत के दोपहिया वाहन ले उड़े बदमाश

**भोपाल।** शहर में दोपहिया वाहन चोरी की घटनाएं लगातार जारी हैं। पिछले चौबीस घंटों के भीतर विभिन्न स्थानों से बदमाश लाखों रुपए कीमत के दोपहिया वाहन चोरी कर ले गए। पुलिस के मुताबिक बाणगंगा टीटी नगर से पूनम बिछोले और खानूगांव कोहेफिजा से यूनुस अंसारी की स्कूटर चोरी हो गई। यहीं पर जैन नगर लालघाटी से संजय पाटीदार, इस्लामी गेट टीला जमालपुरा से फैसल सईद की मोटर सायकिल चोरी हो गई। बजरिया इलाके से गौरव तिवारी, अशोका गार्डन से भरत विश्वकर्मा और संगीता, अयोध्या नगर से कैलाश पवार, खजूरी सड़क से अर्जुन विश्वकर्मा की बाइक चोरी हो गई। इंद्रपुरी पिपलानी से प्रियंका मंगलवारा स्थित मस्जिद के पास साहिस्ता की स्कूटर चोरी हो गई। पुलिस ने सभी मामलों में अज्ञात वाहन चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## तीन कार किराए पर लेकर हड़पी, ट्रैवल्स संचालक पर मामला दर्ज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित आसिमा मॉल में टूर एंड ट्रैवल्स का संचालन करने वाले एक जालसाज ने किराए पर ली तीन कार हड़प ली। घटना गत छह जून की बताई जा रही है। पुलिस ने कार मालिक की शिकायत पर आरोपी जालसाज पर धोखाधड़ी और अमानत में खयानत का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार गौरव शुक्ला (33) पटेल नगर छोला में रहते हैं। उन्होंने जून 2023 में अपनी कार मौनीत नायर को किराए पर दी थी। मौनीत आसिमा मॉल में टूर एंड ट्रैवल्स का संचालन करता है। कार के बदले प्रतिमाह तीस से पैतीस हजार रुपए देने की बात हुई थी। कुछ दिन किराया भी दिया गया, फिर मौनीत ने किराया देना बंद कर दिया। घटना की शिकायत गौरव ने मिसरोद थाने में की थी। गौरव के साथ दो अन्य कार मालिक भी पहुंचे थे और उन्होंने शिकायत करते हुए बताया कि उनके साथ भी इसी तरह की घटना हुई है। पुलिस ने गौरव की शिकायत पर मौनीत को पूछताछ के लिए बुलाया। पूछताछ और जांच के बाद पुलिस ने मौनीत के खिलाफ प्रकरण दर्ज करते हए उससे दो कार बरामद कर ली है। जबकि एक कार के बारे में पूछताछ की जा रही है।

## लेडीज पर्स और पैंट लेकर भागा बदमाश

**भोपाल।** सूखी सेवनिया स्थित एक मकान में घुसा चोर लेडीज पर्स और पैंट लेकर भाग निकला। पैंट में 28 हजार रुपए नकद और पर्स में एटीएम तथा पासबुक रखी हुई थी। पुलिस के मुताबिक खेमराज राय ग्राम चोपड़ाकला में रहते हैं। रविवार-सोमवार की रात वह परिवार के साथ घर में सो रहे थे। रात करीब डेढ़ बजे खटपट की आवाज सुनकर नींद खुली तो एक बदमाश उनके घर से बाहर भागा। वह खेमराज की पैठ और एक लेडीज पर्स ले गया था।

इधर मिसरोद थानांतर्गत बंगरसिया बाजार में रघुनाथ पाटीदार की जेब से किसी ने मोबाइल फोन चोरी कर लिया। पुलिस ने दोनों मामलों में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।






**मेट्रो एंकर** | **पिपलानी में बीच बाजार हुई घटना**

# शराब के लिए रुपये नहीं दिए तो गर्दन पर रखी तलवार

**भोपाल , दोपहर मेट्रो।**

पिपलानी इलाके में दो बदमाशों ने एक दुकानदार पर शराब के लिए अड़ीबाजी की और रुपये नहीं देने पर उसकी गर्दन पर तलवार रखकर ठेले का सामान गिरा दिया। आसपास के लोगों ने बीच-बचाव किया तो बदमाश धमकी देते हुए भाग निकले।

पुलिस के मुताबिक रवि ठाकुर (45) अर्जुननगर में रहता है और निजी अस्पताल के सामने चाऊमीन का ठेला लगाता है। सोमवार रात करीब आठ बजे अर्जुन जाटव और दीपक पटेल उसकी दुकान पर पहुंचे और शराब पीने के लिए पांच सौ रुपये की मांग करने लगे। रवि ने जब रुपए देने से मना किय तो अर्जुन ने उसकी गर्दन पर तलवार रख दी और दोनों ने मिलकर ठेले पर



रखा सामान गिरा दिया। बदमाशों ने जब झूमाझटकी करनी शुरू की तो आसपास के दुकानदारों ने बीच-बचाव किया। इस दौरान बदमाश उसे धमकी देते हुए भाग निकले। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मारपीट, अड़ीबाजी, तोड़फोड़ समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है।

### तलवार और छुरी के साथ बदमाश गिरफ्तार

पिपलानी पुलिस ने रत्नागिरी कलारी के पास बदमाश अर्जुन जाटव से एक तलवार और उसके साथी दीपक पटेल से एक छुरी जब्त की गई है। दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। आरोपियों ने एक दिन पहले ही एक चाऊमीन का ठेला लगाने वाले दुकानदार के साथ शराब के लिए अड़ीबाजी की थी। इधर छोला मंदिर पुलिस ने ब्लूमन कालोनी से महेश राठौर और शंकर नगर से कैलाश रैकवार को छुरी के साथ गिरफ्तार किया है। इसी प्रकार खजूरी सड़क पुलिस ने ग्राम बरखेड़ा सालम रोड पर दीपसिंह अहिरवार के पास एक छुरी जब्त की है। सभी आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया** **संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022